

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 15 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्र पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-226 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur


phone: 0771-2543112


## जब रावण का अहंकार नहीं रहा तो मोदी का अहंकार कहां टिकेगा:बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,15 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राहुल गांधी को 'मूर्खों का सरदार' कहने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनता को गाली दी है, हमारे नेता को गाली दी है. मोदी को इतना अहंकार हो गया है कि अपने सामने किसी को कुछ समझते नहीं हैं. रावण का अहंकार नहीं रहा तो मोदी का अहंकार कहां से टिकेगा.

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जीत के दावे पर कहा कि वे खुद हार रहे हैं. वह जीत का दावा क्या करेंगे. इसके अलावा द्वितीय चरण के मतदान पर



मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे चरण का प्रचार भी आज शाम 5 के बाद थम जाएगा. उसके बाद डोर टू डोर, और फिर परसों मतदान होगा. उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में बस्तर संभाग हो गया. राजनांदगांव लोकसभा हो गया, उसके बाद अब रायपुर संभाग, दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग, सरगुजा संभाग की बारी है. मैंने सभी जगह का दौरा किया. जबरदस्त माहौल है, एक तरफा माहौल है.

वहीं प्रधानमंत्री मोदी के अपने पर की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि वे प्रधानमंत्री हैं, वह कुछ भी बोल सकते हैं. हम बहुत छोटे-मोटे व्यक्ति हैं. उनके सामने हमारी हैसियत क्या है. लेकिन जिन शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, उससे उनका अहंकार झलक रहा है. यह बता रहा हैं कि अब उनकी लोकप्रियता ढलान पर है, इस कारण से लगातार सभी विधानसभा में पिछड़ते जा रहे हैं. इसकी बौखलाहट है, जिसके कारण ही वे इस तरह के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं.

### अब इसकी भी जांच कर लीजिए

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक्स पोस्ट में इस मामले की भी जांच कराने की बात कही है. मुख्यमंत्री बघेल ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा 10,000 करोड़ का खेल? एक अपुष्ट वीडियो और एक ड्राइवर के बयान पर मुझ पर आपकी एजेंसी ने सैकड़ों करोड़ का आरोप लगा दिया. अब इसकी भी जांच कर लीजिए. कौन सी एजेंसी करेगी जाँच? कब होंगे छापे? कब होंगे मीडिया पर घंटों लंबे प्रोग्राम?



## ओडिशा में कार दुर्घटना,राजनांदगांव के ठक्कर परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**कोरापुट,15 नवंबर**

ओडिशा के कोरापुट जिले में मंगलवार देर रात जोड़ीमाडेली घाट रोड पर सड़क दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना का शिकार होने वाले राजनांदगांव के ठक्कर परिवार के सदस्य हैं. मृतकों की पहचान नंदलाल ठक्कर, गौरव ठक्कर और नमन ठक्कर के रूप में हुई है. घायल रचना ठक्कर को पोट्टांगी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह दुर्घटना आधी रात के आसपास हुई जब परिवार छुट्टियों के लिए छत्तीसगढ़ से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की यात्रा कर रहा था. आशंका है कि कोहरा के वजह से कार चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया और वह सड़क से 60 से 70 फीट नीचे गिर गया. हादसे की जानकारी आज सुबह हुई. मौके पर पहुंची पोट्टांगी पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है.

## प्रदूषण से त्रस्त सोनिया गांधी जयपुर शिफ्ट

**नई दिल्ली,15 नवंबर।** दिवाली के बाद मंगलवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण कांग्रेस नेता सोनिया गांधी अस्थायी रूप से जयपुर स्थानांतरित हो गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता मंगलवार की सुबह भी गंभीर श्रेणी में बनी रही, क्योंकि शहर में एक बार फिर धुंध छा गई और दृश्यता सीमित हो गई। मंगलवार को सोनिया गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ भारत के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि देने के लिए शांति वन स्मारक का दौरा किया था। सोनिया गांधी को दो महीने पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कथित तौर पर उन्हें श्वसन संबंधी समस्याएं हैं। दिल्ली के गंभीर वायु प्रदूषण के बीच मंगलवार को सोनिया गांधी मास्क पहने नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोनिया गांधी को उनके डॉक्टरों ने ऐसी जगह शिफ्ट होने की सलाह दी थी, जहां की हवा दिल्ली जितनी प्रदूषित न हो। इसलिए सोनिया गांधी बेटे राहुल गांधी के साथ मंगलवार को जयपुर पहुंचीं। दोनों के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल भी थे। वेणुगोपाल ने हिंदी में कहा, यह एक निजी यात्रा है। दिल्ली में वायु प्रदूषण है, इसीलिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नई दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी अगले कुछ दिनों तक जयपुर में हैं। यह उनका पूरी तरह से निजी दौरा है। श्री राहुल गांधी जयपुर में रहेंगे और 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ में और 16, 19, 21 और 22 नवंबर को राजस्थान में चुनाव प्रचार करेंगे। सोनिया गांधी के बेटे राहुल गांधी मध्य प्रदेश से आए थे, जहां उन्होंने वहां विधानसभा चुनाव में प्रचार किया था और बुधवार सुबह जयपुर छोड़ने वाले थे।



## भारी बहुमत के साथ बनाएंगे सरकार : रमन

**रायपुर,15 नवंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने मतदाताओं से 17 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के हालात में परिवर्तन हुआ है. पहले चरण में 14 सीटों में बीजेपी आगे है. द्वितीय चरण में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रेसवार्ता में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि 2018 में शराबबंदी का वादा किया, 6000 रुपए महिलाओं को देने का वादा तोड़ा. अब कह रहे है 15000 रुपए सालाना देंगे. कांग्रेस महिलाओं को भ्रम में डालने का काम कर रही है. बीजेपी ने जिन महत्वपूर्ण योजनाओं पर गारंटी दी है, उसे लागू करेंगे. पहली कैबिनेट की बैठक के बाद 18 लाख आवास देने की प्रक्रिया शुरू होगी. पीएससी मामले की जांच होगी और यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी के जरिए भर्ती की जाएगी. डॉ. रमन सिंह ने कहा कि किसान भाइयों से वादे की शुरुआत होगी, दो वर्ष का बोनस किसानों के खाते में डाल दिया जाएगा. बोनस एकमुश्त दिया जाएगा. पंचायत सचिव को नियमित करेंगे. हर महीने 15 तारीख के पहले सभी कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा. इसके साथ रायपुर में विकास का काम अवरुद्ध हो गया है. 15 साल में जो विकास किया रायपुर में उसी तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देते हुए काम में गति पहले पांच साल में आएगी. इसके अलावा जितने भ्रष्टाचार हुए हैं, उस पर भी कार्रवाई करेगी.



## खाई में गिरी बस 33 की मौत

**डोडा,15 नवंबर।** जम्मू संभाग के जिला डोडा में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। जिले के अस्सर में एक बस अनियंत्रित होकर करीब 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना जोरदार हुआ है कि इसमें 33 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है और कुछ घायल हो गए हैं। बस किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही थी। हादसे का पता चलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया जा गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। दो घायलों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जीएमसी जम्मू के लिए रेफर किया गया, लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जानकारी में पता चला है कि इस मार्ग पर तीन बसें एक साथ चल रही थी।

## रक्षा बलों के बेड़े की ताकत बढ़ाएगा निर्भय

**नई दिल्ली,15 नवंबर।** भारतीय सशस्त्र बल 1,000 किमी से अधिक दूरी पर लक्ष्य पर हमला करने के लिए लंबी दूरी की मारक क्रूज मिसाइल निर्भय को अपनी सूची में शामिल करेंगे। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा, प्रलय मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाएगा और निकट भविष्य में इस सेवा में शामिल होने की भी उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि इससे भारतीय सूची में लंबी दूरी और मध्यवर्ती दूरी की मिसाइलों का एक व्यापक पैकेज तैयार हो जाएगा। निर्भय मिसाइल के बारे में सूत्रों ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में दो रक्षा सेवाओं के लिए मिसाइलों को मंजूरी दी है। उनमें से एक ने महत्वपूर्ण संख्या में निर्भय मिसाइलों को शामिल करने के लिए सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है।

निर्भय लंबी दूरी की मिसाइल है और 1,000 किलोमीटर की दूरी तक दुश्मन के लक्ष्य को निष्क्रिय कर सकती है। यह ब्रह्मोस मिसाइलों के साथ एक घातक संयोजन भी बना सकता है, जो अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन प्रणालियों में से एक है। विशेष रूप से क्रूज मिसाइलें रॉकेट फोर्स का हिस्सा होंगी जो भारतीय रक्षा बलों द्वारा अपनी सीमाओं पर खतरे की आशंका से निपटने के लिए बनाई जा रही हैं। ऐसी ही क्षमताएं पाकिस्तान और चीन के रक्षा बलों के पास उपलब्ध हैं। सूत्रों के मुताबिक, तीनों सेनाओं (सेना, नौसेना और वायु सेना) को पारंपरिक भूमिकाओं में उपयोग के लिए रणनीतिक बलों में बैलिस्टिक मिसाइलों के मौजूदा बेड़े में से चुनने का भी मौका मिल सकता है। प्रलय मिसाइलों के उत्पादन पर बोलते हुए एक शीर्ष रक्षा अधिकारी ने कहा कि इसका उत्पादन भी बड़े पैमाने पर किया जाएगा और निकट भविष्य में परिचालन सेवा के लिए तैयार होने की उम्मीद है। उन्होंने




## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**भिलाई, 15 नवंबर।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र बीती रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई मृतक नोएडा में प्राइवेट जॉब करता था दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए भिलाई अपने घर आया था मृतक घर का इकलौता लड़का था स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि चंद्र नगर कोहका अनुराग मिश्रा दीपावली का त्यौहार होने के चलते वह छुट्टियों पर घर आया था त्यौहार के दौरान घर पर उसके अन्य रिश्तेदार भी आए थे देर रात बाइक से रिश्तेदार को दुर्ग छोड़ने जा रहा था जैसे ही वह सूर्या मॉल के पास आया एक तेज रफ्तार कार उसकी ओर आई। उसी को बचाने के लिए वह बाइक को नीचे उतारा, लेकिन वहां काफी बड़ा गड्ढा था इससे वह गड्ढे में गिरा और नाली से उसका सिर टकरा गया नाली से सिर टकराने के चलते उसे हेड इंजुरी हुई उसे तुरंत पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया वहां इलाज के कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है मृतक अपने घर का इकलौता लड़का था उसकी एक बहन है अनुराग नोएडा में जॉब करता था।

### खम्हरिया तालाब के पास लाश मिली

**भिलाई, 15 नवंबर।** भिलाई खम्हरिया तालाब के पास शव पाया गया शव को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में रखवा दिया पुलिस ने शव की पहचान कर ली है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि निवासी शांतिनगर रंजन कुमार झा (30 वर्ष) के गुमशुदगी की रिपोर्ट वैशाली नगर थाने में पिता ने 8 नवंबर को दर्ज करायी थी इधर स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि 10 नवंबर की रात 11 बजे खम्हरिया तालाब में शव पाया गया पुलिस मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

### सामान्य प्रेक्षकों ने माइक्रो आब्जर्वरों की ली बैठक



**धमतरी, 15 नवम्बर।** जिले के सामान्य प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा और 58 धमतरी श्री मनीष अग्रवाल और विधानसभा क्षेत्र 57 श्री दीपक रामचंद्र तावरे ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिले के मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त किए गए माइक्रो आब्जर्वरों की बैठक ली। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षकों ने माइक्रो आब्जर्वरों के कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें पूरी सावधानी एवं विशेष सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की समझाईश दी। इस दौरान उन्होंने माइक्रो आब्जर्वरों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई, डीआईओ एनआईसी श्री उपेन्द्र सिंह चंदेल के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में माइक्रो आब्जर्वरों को ईव्हीएम मशीन के अंतर्गत कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने मतदान अभिकर्ता के साथ-साथ मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्वों, दिव्यांगों को मतदान केन्द्र में दी जाने वाली सुविधाओं, आवश्यक प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया, मतदान के पूर्व एवं मतदान के बाद की जाने वाली कार्यवाही, बोगस वोटिंग को रोकने, संदिग्ध व्यक्ति की पहचान, अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया, पोलिंग एजेंट की शिकायत पर की जाने वाली कार्यवाही, सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके साथ ही मॉकपोल के आयोजन आदि सभी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### कलेक्टर ने सिहावा और कुरूद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**धमतरी 15 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सिहावा और कुरूद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बनाये गये मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने आज अपने सघन दौरा कार्यक्रम के तहत् मतदान केन्द्र उमरदा, गाड़ाडीह, मेघा, गिरौद, रांकाडीह, भोथीडीह, बोड़रा, सांकरा, कौहाबाहरा, दुगली, गुहाननाला, हरदीभाठा का गहन निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, व्हील चेयर, छाया व्यवस्था सहित मतदान केन्द्रों में लगने वाले सीसीटीव्ही कैमरों की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कैमरों को ऐसी जगहों पर लगायें जहां से पूरा मतदान केन्द्र एवं अंदर की स्थिति स्पष्ट नजर आ सके। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि जो कैमरे लगाये जा रहे है, वे भी निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हो इस बात का ध्यान रखें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं रैम्प, व्हील चेयर आदि की सुनिश्चितता जांच कर लेंवे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी उपस्थित थे।


विधायक प्रत्याशी देवेंद्र ने किया जनसंपर्क

# संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने दिया कांग्रेस को अपना समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 नवंबर।** भिलाई के 8 ट्रेड यूनियनों की बैठक इंटक कार्यालय में संपन्न हुयी, जिसमें चर्चा पश्चात भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मियों, उनके परिजनों एवं आम जनता से अपील किया गया कि मौजूदा विधानसभा चुनाव में भिलाई नगर विधानसभा में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें एवं भाजपा को परास्त करें द्य बैठक में इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, ऐक्टू, लो ई मू, इस्पात श्रमिक मंच, स्टील वर्कर्स यूनियन के नेता शामिल थे ल चर्चा के दौरान भिलाई की आठ यूनियनों के नेताओं ने कहा कि अभी तक सेल के अंदर 9 वेतन समझौता को पूर्ण किया जा चुका है द्य 1 जनवरी 2017 से लागू होने वाले 10वां वेतन समझौता का पूर्ण होना बाकी है द्य पूर्व के सभी 9 वेतन समझौता में कभी भी कर्मियों के वेज रिवीजन का एरियर्स नहीं रोका गया, किंतु पहली बार ऐसा हुआ है कि केंद्र में स्थित मौजूदा भाजपा सरकार ऐसे ऐसे नीतियों को बनाकर सार्वजनिक उद्योग के प्रबंधन को निर्देशित कर रही है जिसके कारण सेल के कर्मियों का 39 महीने का एरियर्स रोका गया है केंद्र सरकार का हवाला देकर सेल प्रबंधन ने कर्मियों के असीमित ग्रेच्युटी को 20 लाख तक सीमित कर दिया है श्रम कानून में बदलाव कर सप्ताह में 70 घंटा काम करवाने के भाजपा एवं उनके कॉर्पोरेट मित्रों के मंसूबों को लागू करवाने का प्रयास जारी है द्य भाजपा सरकार ने ही 44 श्रम कानून को खत्म कर मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को बनाया है द्य भाजपा सरकार आने के बाद सरकारी नौकरियां समाप्त कर दी गई है और सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में बेचने का षड्यंत्र किया जा रहा है ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी का हर स्तर पर विरोध होना आवश्यक है। इसी संबंध में सभी 8 यूनियनों के प्रमुख पदाधिकारी ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव से मिलकर अपनी बात रखी एवं भिलाई विधानसभा में उन्हें समर्थन करने का निर्णय से अवगत कराया। जब देवेंद्र यादव सेक्टर में पहुंचे तो लोगों का भीड़ अपने आप ही उमड़ आई। लोगों ने उनका पूरा समर्थन किया और नारे लगाए। इस दौरान विधायक यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा था करके दिखाया। हमने कहा था हर परिवार का राशन कार्ड बनाएंगे, हर घर में शुद्धा पानी देंगे। सभी को पट्?टा मिलेगा। हमने सब को लाभ दिया। टाउनशिप में क्रिकेट, फुटबॉल, बॉलीबॉल जैसे कई खेल मैदान बनाएं है। महिलाओं को सशक्त बनाने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने महिलाओं के लिए प्रदेश का दूसरा और सबसे बड़ा गार्मेंट फैक्ट्री बनाएं है। जहां 5 हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। महिला समूह को सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत बनाया गया। उन्हें रोजगार उपलब्ध कराए गए।



### असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विजय संकल्प महारैली को किया संबोधित

**अहिवारा।** असम के जनप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अहिवारा के पानीटंकी मैदान भिलाई 3 में विजय संकल्प महारैली को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव संचालक सत्यनारायण अग्रवाल, अहिवारा से भाजपा प्रत्याशी डोमन लाल कोरसेवाड़ा, संभाग प्रभारी रविंद्र राय (प्रवासी), जिला भाजपा भिलाई के अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, जितेंद्र वर्मा, रविशंकर सिंह, सुषमा जेठानी, नटवर ताम्रकार सहित समस्त वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्तागण एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विजय संकल्प सभा का संचालन रविशंकर सिंह ने किया।

# सरकार ने महादेव के नाम पर भी घोटाला किया, महादेव इन्हें छोड़ेंगे नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 15 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के लिए योजना शुरू करने का वादा किया तो कांग्रेसियों के पेट में दर्द होने लगा। खुद कांग्रेसियों ने 2018 में अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को 500 रूपए देने का वादा किया था वो तो कर नहीं पाए और अब जब भाजपा महिलाओं को सहयोग दे रही है तो फिर झूठा वादा कर उन्हें गुमराह कर रहे हैं। उक्त बातें भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने खुर्सीपार जोन -1 में आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि खुर्सीपार कालेज की बिल्डिंग भी बनेगी और यहां बीएड पाठ्यक्रम भी शुरू होगा। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थिति असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भिलाई की यह जनसमूह देखकर मैं आज से ही ये बोल सकता हूं कि भिलाई में कमल खिल रहा है। खुर्सीपार में जनसभा को संबोधित करते हुए पाण्डेय ने कहा कि जब भी भाजपा को विकास की जिम्मेदारी मिली तो हमने स्कूल खोले, कालेज खोले, यूनिवर्सिटी खोली, हर क्षेत्र में विकास किया। लेकिन कांग्रेस राज के 5 सालों में भिलाई अपराध का गढ़ बन गया। ओपन प्लेन और गार्डन रात 8 बजे के बाद अय्याशी का अड्डा बन गये, अपराधियों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया। आज भिलाई के हर कोने में सिर्फ नशा और अपराध की समस्या ही सामने दिखाई दे रही है। पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेसी गंगाजल की कसम खाकर भी अपना वादा पूरा नहीं कर पाए और जब भाजपा माताओं-बहनों के लिए योजना ला रही है तो उसमें अडंगा डाल रहे हैं। जब कांग्रेसी इसमें भी सफल नहीं हो सके तो मुख्यमंत्री ने अचानक ट्विट कर दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जब भी छत्तीसगढ़ आया हूं हर बार एक नये घोटाले के बारे में सुना है। यहां की सरकार ने तो महादेव के नाम पर भी घोटाला किया है, महादेव इन्हें कभी छोड़ेंगे नहीं। कांग्रेसी इतने झूठे हैं कि गंगाजल खाकर शराबबंदी का वादा किया और सरकार बनते ही घर घर शराब पहुंचाई। ये झूठों के सरदार है जो महिलाओं, युवाओं सबको झूठ बोलकर ठग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भिलाई की ये भीड़ देखकर मैं कन्फर्म बोल सकता हूं कि भिलाई में कमल खिल रहा है, प्रेमप्रकाश पाण्डेय को मैं आज से ही विधायक बोल सकता हूं। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि हमने खुर्सीपार में कॉलेज की स्थापना की। इसके बाद कांग्रेसियों ने खुर्सीपार कॉलेज बिल्डिंग का भूमिपूजन किया लेकिन आज तक एक ईंट भी नहीं रखी गई। मैं आपसे वादा करता हूं कि भिलाई में भाजपा का कमल खिलेगा और सरकार बनेगी तो बिल्डिंग भी बनेगी एवं बीएड पाठ्यक्रम भी शुरू होगा। हेमंत बिस्व सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया छत्तीसगढ़ बनाने के लिए गारंटी दिया है और उनकी गारंटी अटूट है, उन्होंने जो कहा है वो करेंगे। भिलाई को फिर शांति और समृद्धि का केंद्र बनाने के लिए भाजपा को वोट दीजिए।

### मतदान समाप्ति से 48 घण्टे पहले की अवधि के दौरान निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया एवं प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित

**दुर्ग, 15 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदान समाप्ति से 48 घण्टे पहले की अवधि के दौरान निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया एवं प्रचार-प्रसार पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। मतदान तिथि 17 नवंबर 2023 को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पहले की अवधि के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रतिबंधों के संबंध में आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता पर मैनुअल जारी किया गया है। जिसके अनुसार इस अवधि के दौरान सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सर्व संबंधितों को जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस नही बुलाया जाएगा और न ही सभा आयोजित की जाएगी। सभा, चलचित्र, टेलीवीजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं किया जाएगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का निर्वाचन संबंधी संगीत समारोह, नाट्य अभिनय, अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता को आकर्षित करने निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं होगा। इसके अलावा रेडियों पर प्रचार, प्रिंट मीडिया में विज्ञापन, निर्वाचन लड़ने वाले राजनीतिक दलों के फीचर फिल्मों का प्रसारण पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

## बीएसपी में प्लेटों के दैनिक प्रेषण को बढ़ाने के लिए सुविधाओं का समावेश



**भिलाई, 15 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने प्लेटों की प्रेषण क्षमता को प्रतिदिन 5,000 टन से अधिक तक बढ़ाने के लिए कुछ नई सुविधाओं का समावेश किया है। वर्तमान वित्त वर्ष में, मिल ने वैल्यू-एडेड स्पेशल स्टील प्लेटों के साथ कुल प्लेट उत्पादन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया है। प्रति माह औसतन एक लाख टन के मुकाबले, मिल वर्तमान में प्रतिमाह 1.2 लाख टन से अधिक का उत्पादन और प्रेषण कर रही है। इन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्लेटों की दैनिक लोडिंग और प्रेषण की क्षमता बढ़ाने के लिए नयी सुविधाओं का समावेश किया गया। प्लेट मिल के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल अनुभागों की टीम द्वारा नई तकनीकों के माध्यम से पाईलर नंबर 8 और 9 को पुनः डिजाइन कर पुनरुद्धार किया गया। प्लेटों की लिफ्टिंग के लिए मैग्नेट की क्षमता में वृद्धि और अतिरिक्त रेलवे वैगनों को समायोजित करने के लिए लाइन संख्या 420 के विस्तार जैसे उपाय किए गए हैं ताकि इस नई सुविधा के माध्यम से प्लेटों के प्रेषण में वृद्धि हो। इसके अतिरिक्त इंडस्ट्री 4.0 के डिजिटाइजेशन और कार्यान्वयन की दिशा में प्रयास करते हुए संयंत्र ने लोडिंग पाइंट पर सिस्टम में डेटा फीडिंग शुरू करने के लिए भी कदम उठाए हैं। लाइन 420 के विस्तार तथा संशोधित सुविधाओं का औपचारिक उद्घाटन कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे, मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी, महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मलिक, महाप्रबंधक प्रकाश, महाप्रबंधक तन्मय सेन तथा महाप्रबंधक श्रीमती नीना जयसवाल, महाप्रबंधक जे पी एस चौहान, महाप्रबंधक ए कोटनिस सहित प्लेट मिल, आरसीएल, इंस्ट्रुमेंटेशन और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की स्थिति मजबूत,सरकार बनना तय: बिचपुरिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 नवंबर।** भिलाई जिला भाजपा के अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने कहा है कि राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के स्थिति काफी मजबूत हो गयी है। बीजेपी की सरकार बनना तय है। यहाँ की पांचो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के प्रत्याशी कांग्रेस के मुकाबले काफी आगे निकल गए हैं। बिचपुरिया ने कहा कि पाटन से लेकर दुर्ग, वैशालीनगर, भिलाईनगर, अहिवारा में भाजपा की लहर चल रही है। समस्त मंडलों के पदाधिकारी और बीजेपी के कर्मठ कार्यकर्ता चुनाव जीतने के लिए कमर कस लिए हैं और बूथ मैनेजमेंट का काम चल रहा है। भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बिचपुरिया ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि आये दिन थोथी घोषणाएं करने के सिवाय अब उनके नेताओं के पास रह क्या गया है ? राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और भूपेश बघेल घूम-घूम कर केवल घोषणाएं कर रहे हैं जबकि पहले ही की गई घोषणाओं को उन्होंने पूरा नहीं किया। इसे जनता जानती है। बिचपुरिया ने कहा कि वे स्वयं समस्त विधानसभा क्षेत्रों के मॉनिटरिंग कर रहे हैं और देख रहे हैं कि चुनावी रणनीति को और कैसे मजबूत किया जा सकता है। साथ ही जनता से भी मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खास बात यह है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से लोग इस कदर प्रभावित हैं कि वे चाहते हैं कि हर हाल में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और यहाँ विकास के रुके हुए कार्य पूरे हों। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार पर अंकुश तो लगेगा ही, सर्वांगीर्ण विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा। शुचिता और समता की राजनीति के नए युग का सूत्रपात होगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, नरेंद्र मोदी की सभाओं का संचालन कर चुके जिला भाजपा भिलाई के अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने जनता का आह्वान किया कि चुनाव में भाजपा को जीतकर विकास का मार्ग प्रशस्त करें।

## प्रशिक्षण के सुचारु संपादन के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**दुर्ग, 15 नवम्बर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना के प्रशिक्षण के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (समस्त), मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 05, प्रत्येक विधानसभा हेतु 02 मास्टर ट्रेनर एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी 01, पोस्टल बैलट नोडल अधिकारी 01, ईवीएम नोडल अधिकारी 01, सुरक्षा नोडल अधिकारी 01 एवं प्रोग्रामर 01 सहित दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के कुल 140 प्रशिक्षणार्थियों हेतु मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम दुर्ग के बीआईटी ऑडिटोरियम में 23 नवंबर 2023 को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया हैसंभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्य के लिए श्री अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा उनकी सहायता हेतु श्री अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सुचारू संपादन हेतु दायित्व सौंपा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण स्थल बीआईटी ऑडिटोरियम के प्रबंधन संबंधित दायित्व प्राचार्य बीआईटी दुर्ग, सर्किट हाउस में आवश्यकतानुसार ठहरने की व्यवस्था, संबंधित प्रशिक्षणार्थियों को सूचना एवं समन्वय के कार्य का दायित्व सत्कार अधिकारी जिला दुर्ग को एवं सामग्री व्यवस्था का दायित्व श्री कृष्ण कुमार देवांगन श्री प्रकाश साहू एवं बालेश कुमार ठाकुर जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग को सौंपा गया है। इसी प्रकार तकनीकी व्यवस्था (इंटरनेट युक्त लैपटॉप प्रशिक्षण के संबंध में पीपीटी) का दायित्व श्री एल.बी. सिंह जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दुर्ग एवं स्टाफ, सुश्री छाया साहू सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग, सुश्री श्रुति अग्रवाल ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दुर्ग एवं स्टाफ को, रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर इत्यादि के लिए बैठक व्यवस्था का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तहसीलदार दुर्ग को, स्वल्पाहार, जलपान एवं भोजन व्यवस्था का दायित्व श्री सीपी दीपांकर, खाद्य नियंत्रक दुर्ग एवं वीवीपैट गणना हेतु मॉडल गणना कक्षा की व्यवस्था, प्रशिक्षण हेतु ईवीएम/वीवीपैटकी व्यवस्था एवं प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध कराए गए।

### मतदाताओं को वोट देने मतदान केंद्र में करना होगा प्रस्तुत पहचान पत्र

**दुर्ग, 15 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में वोट देने के लिए निर्धारित पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिसके लिए मतदाता एपिक कार्ड के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक व डाकघर द्वारा जारी फोटोग्राफ युक्त पास बुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्क्रीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (आरजीआई) द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर (एनपीआर) के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ युक्त पेंशन दस्तावेज एवं केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, पीएसयूएस, पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी को जारी किया गया।

फोटोग्राफ युक्त सेवा पहचान पत्र व एमपीएस, एमएलएएस, एमएलसीएस को जारी किया गया। अधिकारिक पहचान पत्र तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड मतदान केन्द्र में प्रस्तुत कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

## मतदान दिवस पर सामग्री,दस्तावेज कोषालय से सुविधा केन्द्र एवं वापस लाने प्रभारी नियुक्त

**दुर्ग, 15 नवंबर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार जिला दुर्ग के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में रहेंगे, को डाक मतपत्र के माध्यम 14 से 16 नवंबर 2021 तक समय सुबह 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक मतदान कराये जाने हेतु भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग को सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया का पालन कराये जाने के लिये अधिकारियों को आवश्यक सामग्री एवं दस्तावेजों को कोषालय से सुविधा केन्द्र एवं वापसी हेतु प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार वि.स. क्षेत्र क्र. 62 पाटन, विस 63 दुर्ग ग्रामीण, विस 64 दुर्ग शहर हेतु सुविधा केंद्र क्रमशः साइंस भू-तल कक्ष क्रं. 05, कक्ष क्रं. 06 एवं कक्ष क्रं. 07 निर्धारित किया गया है। जिसके प्रभारी अधिकारी श्री चंद्रशेखर चंद्राकर नायब तहसीलदार एवं श्री अविनाश चौहान नायब तहसीलदार दुर्ग को बनाया गया है। इसी प्रकार विस 65 भिलाई नगर, विस 66 वैशाली नगर, विस 67 अहिवारा हेतु क्रमशः साइंस भू-तल कक्ष क्र. 8, कक्ष क्र 1 एवं कक्ष क्र. 04 को सुविधा केंद्र निर्धारित किया गया है। इसके प्रभारी अधिकारी श्री किशोर कुमार वर्मा नायब तहसीलदार दुर्ग एवं श्री ढ़ालसिंह बिसेन नायब तहसीलदार दुर्ग को बनाया गया है। विस 68 साजा (आंशिक), विस 69 बेमेतरा (आंशिक) एवं अन्य जिले हेतु साइंस भू-तल कक्ष क्र 10, कक्ष क्र. 13, कक्ष क्र. 22 को सुविधा केंद्र निर्धारित किया गया है। इसके प्रभारी अधिकारी श्री ज्योत्सना कलिहारी, नायब तहसीलदार दुर्ग एवं श्री श्याम लाल साहू नायब तहसीलदार दुर्ग को बनाया गया है।

## एक नजर

### मतदान का महत्व समझें और शत प्रतिशत मतदान करें : रविशंकर

**रायपुर 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** ग्राहकों के हित में कार्य करने वाले संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रविकांत जायसवाल ने 17 नवंबर को होने वाले प्रदेश के विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने की अपील मतदाताओं से की है। दीपावली के पावन पर्व पर बधाई देते हुए श्री जायसवाल ने बताया कि कई बार लोग यह सोचकर मतदान नहीं करते हैं कि उनके एक वोट न डालने से क्या फर्क पड़ेगा। बड़ी संख्या में लोग ऐसा सोचते हैं, और वोट डालने नहीं जाते हैं ऐसे में मतदान के प्रतिशत में बड़ा अंतर जाता है। मतदान न करने वाले लोग यह नहीं समझ पाते है कि उन्होंने लोकतंत्र में अपने सबसे बड़े अधिकार के इस्तेमाल का मौका गंवा दिया है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मिले यदि इस अधिकार का उपयोग सूझ बुझ के साथ किया जाए तो आने वाले 5 साल तक प्रतिनिधित्व की कमी नहीं रहती है और स्थानीय समस्याओं का समाधान भी होता है। जब आप एक अच्छी सरकार चुनते हैं तो अपने क्षेत्र , प्रदेश और देश के साथ-साथ आपका विकास भी होता है। इसलिए मतदान जरूर करें और समझदारी के साथ करें। मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

### मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर लगेगी रोक

**रायपुर 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवंबर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है।

### जो कोरबा जिले के मतदाता नहीं उन्हें मतदान के 48 घंटे पहले छोड़ना होगा जिला

**कोरबा 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** विधानसभा निर्वाचन में विभिन्न राजनैतिक दलों के लिए प्रचार करने अन्य जिलों और राज्यों से कोरबा जिले में आये लोगों को मतदान के 48 घंटे पहले वापस लौटना होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार विधानसभा क्षेत्र की सीमा के बाहर से राजनैतिक प्रचार.प्रसार के लिए आये लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदान के 48 घंटे पहले विधानसभा सीमा क्षेत्र से बाहर जाना होगा। ऐसे व्यक्ति जो कोरबा जिले की चारों विधानसभाओं में से किसी भी विधानसभा के मतदाता नहीं हैं उन्हें भी मतदान के 48 घंटे पहले जिले की सीमा से बाहर जाना होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने बताया कि कोरबा जिले की चारो विधानसभाओं के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पहले बुधवार 15 नवंबर की शाम पांच बजे से राजनैतिक प्रचार थम जायेगा। इसके बाद रैलियाए जुलूस या सभाएं जैसे किसी भी प्रकार का सार्वजनिक प्रचार नहीं होगाए लेकिन प्रत्याशी घर.घर संपर्क कर सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि होटलों और लाजों में बाहर से आकर रूकने वाले लोगों को आज से ही मतदान के 48 घंटे पहले जिला छोड़ने के लिए सूचित कर दिया जाये। उन्होंने इसके लिए होटलों और लाजों के संचालकों को प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि मतदान के दिन 17 नवंबर को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन सभी शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे। इसलिए शासकीय काम से भी आने वाले बाहरी लोग मतदान दिन के बाद ही कोरबा में आयें। मतदान से 48 घंटे पूर्व प्रचार समाप्त होने के बाद पुलिस बल द्वारा जिले के सभी लॉज और होटलों की सघन जांच की जायेगी और राजनैतिक प्रचार के लिए बाहर से आये हुए लोगों या पार्टी कार्यकर्ताओं के पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### मतदान की जानकारी एप से मिलेगी

**कोरबा 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण में आम नागरिक मतदान की विधानसभावार जानकारी वोटर टर्न आउट मोबाइल ऐप का उपयोग कर 17 नवंबर को मतदान के दिन मतदान की स्थिति को देख सकते हैं।

# प्रियंका गांधी ने रायपुर में किया रोड शो, गोवर्धन पूजा और पिता राजीव गांधी की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**रायपुर,15 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राज्य विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार समाप्त होने से एक दिन पहले मंगलवार शाम को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपना रोड शो किया। प्रियंका गांधी एयरपोर्ट से कार में सवार होकर रोड शो स्थल पहुंचीं। स्थल पहुंचने से पहले प्रियंका गांधी अपने कार में खड़े होकर लोगों का अभिवादन किया । रोड शो स्थल पहुंचने पर प्रियंका का अतिशबाजी का स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार प्रियंका गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भूपेश कका जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रियंका गांधी ने गोवर्धन पूजा कर पिता राजीव गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि देकर रथ पर सवार हुई। उनके साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, महापौर एजाज ढेबर और राजधानी रायपुर की अलग-अलग चारों सीटों के कांग्रेस प्रत्याशी भी रथ पर नजर आए।

**कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किया स्वागत**-कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोड शो का जगह-जगह पर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने अपने नेता की आरती उतारकर स्वागत किया, तो कही पर



उनके छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान की यादगार तस्वीरें भेंट किया।

**लोगों ने अपने घरों की छत और बालकनी से बरसाए फूल**-रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी की एक झलक पाने के लिए लोगों में भारी उत्साह दिखा। लोग अपने घर की छत और बालकनी में हाथों में फूल-माला लिए हुए खड़े थे।जैसे ही घर के सामने रथ में सवार प्रियंका गांधी पहुंची, लोगों ने फूल बरसाए,माला फेंका, जिसे सुरक्षा कर्मियों ने पकड़कर रथ में रख दिया। प्रियंका गांधी भी सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होना है।

**दीपक बैज ने किया स्वागत**-इससे पहले रायपुर पहुंचने पर प्रियंका गांधी का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ विमानतल पर प्रियंका जी का स्वागत किया। स्वागत के दौरान छत्तीसगढ़ सह प्रभारी सप्तगिरी उल्का, विजय जांगिड़ व अन्य नेता उपस्थित थे।

**सातवीं बार छत्तीसगढ़ के दौरे पर थीं प्रियंका गांधी**-बता दें कि प्रियंका गांधी इस साल सातवीं बार छत्तीसगढ़ के दौरे आई हैं। वर्ष की शुरूआत में 25 फरवरी को प्रियंका कांग्रेस के अधिवेशन में शामिल होने आई थी। इसके बाद 12 अप्रैल वे जगदलपुर में भरोसे के सम्मेलन, 22 सितंबर को भिलाई में महिला सम्मलेन, छह अक्टूबर को कांकेर में पंचायती राज महासम्मेलन व 30 अक्टूबर को बिलासपुर व खैरागढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया था। इसके बाद फिर वे सात नवंबर को बालोद में एक चुनावी सभा में शामिल हुई थी।

# चुनाव हारते देख कर भाजपा के नेता गाली गलौज और झूठे आरोपों पर उतर आए



**रायपुर ,15 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा चुनाव में हारती भाजपा स्तरहीन षडयंत्र पर उतर आई है। भूपेश बघेल छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री है छत्तीसगढ़ की संस्कृति खान-पान रीति-रिवाज को संवर्धित कर रहे उसको आगे बढ़ा रहे है तो भाजपा के दिल्ली से आये नेता भूपेश बघेल का माखौल उड़ा रहे है। भाजपा के दिल्ली के नेता छत्तीसगढ़ की संस्कृति को हिकारत से देखते है। रमन सिंह ने उनको छोटा आदमी, चूहा, बिल्ली तक बता कर मजाक उड़ाया था। भाजपा से बर्दास्त नहीं कर पा रही एक छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री की चर्चा मोदी के बराबर क्यों हो रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कामो की तुलना लोग मोदी से बेहतर बता रहे इसीलिये भाजपाई गाली गलौज में उतर आये है। यह भाजपा का फासीवादी चरित्र है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को बदनाम करने षडयंत्र कर रहे है।

छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश रच रही है। झूठे आरोप पर और गाली गलौज पर भाजपा के नेता उतर गये है। यह भाजपा की बौखलाहट को दिखाता है। यह बर्ताव बता रहा कि भाजपा अब की बार दहाई के अंक तक नहीं पहुंच पायेगी। प्रधानमंत्री ईडी के माध्यम से गलत कार्यवाही करवा कर एक व्यक्ति के बयान का हवाला देकर मुख्यमंत्री की छवि खराब करने षड्यंत्र पूर्वक प्रेस नोट जारी करवाते है, फिर उसी आधार पर बेशर्मी पूर्वक भाषण देते है। जिस ड्राइवर के कथित बयान पर मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश की गई उसने कोर्ट में बयान देकर ईडी और भाजपा के षड्यंत्र का खुलासा कर दिया है। अब प्रधानमंत्री में नैतिकता बची हो तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से माफी मांगे।

**जनता ने मन बना लिया फिर बनेगी कांग्रेस की सरकार**-दूसरे चरण का मतदान दो दिनों बाद है प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि प्रदेश में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना है। कांग्रेस की सरकार ने पिछले पांच सालों में अपने 2018 में किये वायदों में अधिकांश 98 प्रतिशत वायदों को पूरा किया है। हमने आने वाले पांच सालों के लिये फिर से 21 नये वायदों जनता से किया है। जनता हमारे घोषणा पत्र में किये वायदों पर भरोसा करेगी क्योंकि हम जो कहते है वो करते है। हम धान की कीमत 3200 रू. में देंगे किसानों का कर्जा फिर से माफ करेगी।

**मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नहीं**-मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नही, जो मोदी 15 लाख देने का वायदा भूल गये, 2 करोड़ युवाओ को रोजगार देने का वायदा भूल गये, 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा भूल गये, किसानों की आय दुगुनी करने के वायदे तो आज तक पूरे नहीं हुये उनकी क्या गारंटी है। भाजपा वोट लेने के लिये फिर किसानों को ठगना चाहती। धान की कीमत 3100 रू. करने की घोषणा किया है तो बतायें क्या केन्द्र धान का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 3100 रू. करेगी। क्योकि मोदी जी तो धान की कीमत समर्थन मूल्य से 1 रू. भी ज्यादा देने के विरोधी है। कांग्रेस सरकार के 2500 रू. देने का विरोध किया था धमकी दी थी। ऐसे में भाजपा मोदी सरकार के विरोध में जा कर 3100 रू. कैसे देगी यह स्पष्ट करें। 2100300 = 2400 देने का वायदा तो 2013 में भी किया था नहीं दिया।

दूसरा बड़ा झूठ 21 क्विंटल धान खरीदने का वायदा भी है। पहले 2013 में भी यही वायदा किया था लेकिन लिमिट घटाकर 15 से 10 कर दिया कैसे भरोसा करे कि आपने वायदे पर कायम रहेंगे? किसानों के कर्जामाफी पर कुछ नहीं बोल रहे।

**वायदा तो कर लोगे, भरोसा कौन करेगा, क्यों करेगा?**- 500 में सिलेंडर देने की बात भी धोखा इनकी केन्द्र सरकार सिलेंडर के दाम 400 से बढ़ाकर 1000 के उपर किया। अब ये 500 में सिलेंडर देने की बात कर रहे। भाजपा सिर्फ बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) को गैस सिलेंडर देगी। कांग्रेस हर वर्ग को बिना भेदभाव के 500 रू. सब्सिडी दे रही मतलब सिर्फ 470 में सिलेंडर मिलेगा। कांग्रेस ने 17.5 लाख आवास देने का वायदा किया तो नकल करके 18 लाख देने की बात कर रहे। 15 साल में सरकारी नौकरी के द्वार बंद कर दिया था, अब नौकरी देने का झूठा वायदा कर रहे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 10 लाख तक ईलाज का वायदा किया है उसको भी नकल कर रहे हैं। राज्य में भूपेश सरकार 20 क्विंटल धान की खरीदी शुरू कर चुकी है। उसकी नकल में 21 क्विंटल की बात भाजपा कर रही है।

# सुचारु मतदान के लिए केन्द्रों पर पुख्ता इंतजाम रखें: रीना

**रायपुर ,15 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र गंगवार, विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने मंगलवार को कोरबा और बिलासपुर का दौरा कर निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने दोनों जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। तीनों प्रेक्षकों और सीईओ ने मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को भी परखा। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए 17 नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए जोरों से तैयारियां चल रही हैं। तीनों विशेष प्रेक्षकों और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दोनों जिलों के अधिकारियों और आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की बैठक लेकर सुगम मतदान के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। उन्होने मल्टीबूथ लोकेशन्स में भी सुगम मतदान के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प की व्यवस्था, वोटिंग दिवस पर मतदाताओं के पोलिंग बूथ पर प्रवेश के साथ ही बाहर निकलने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वेब कास्टिंग, पेयजल व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। विशेष प्रेक्षकों ने हैप्पी वोटिंग पर जोर देने के साथ ही शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आगामी 72 घंटे में जांच एवं कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के बाद छूटे 80 वर्ष या उससे अधिक के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने के लिए परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश विशेष प्रेक्षकों ने दिए। मतदान के लिए नियुक्त मतदाता मित्रों द्वारा इन्हें मतदान केन्द्र तक ले जाया जाएगा। परिवहन की सुविधा मुहैया कराए जाने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखते हुए उन्होंने प्रत्याशियों को भी इसकी सूचना देने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने पिछले निर्वाचनों में सबसे कम मतदान वाले मतदान केंद्रों को चिन्हांकित कर वहां मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विशेष अभियान चलाने को कहा। उन्होंने आयोग के दिशा-निर्देशानुसार निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन के कार्यों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने निर्देशित किया।

# बोरझरा में गौरा-गौरी की निकली शोभायात्रा

**अंवरी ,15 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दीपावली का पर्व पूरे भारत वर्ष में उत्साह के साथ मनाया जाता है।किसान से लेकर व्यापारी और उद्योगपति भी इस पर्व को धूमधाम से मनाते है।देश के विभिन्न राज्यों में मनाया जाने वाला इस पर्व का स्वरूप व्यापक होता है।विभिन्न रस्मों को निर्वहन करते हुए मनाया जाता है।इन दिनों भखारा अंचल में बोरझरा के ग्रामीण अपने पारंपरिक त्योहार के दौरान गौरा-गौरी का विवाह बड़े उत्साह से रचाया।दीपावली पर्व पर अंचल में सोमवार को गौरा-गौरी की पूजा की गई। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। सभी लोग मिलकर पर्व को उत्साह से मनाने आ रहे हैं।लोगों ने बताया की दो दिवस पूर्व ही उत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दिया गया था। इस पर्व का प्रारंभ गौरा जगाने से होता है यहां ग्रामीण महिलाओं के



द्वारा विभिन्न गीतों के माध्यम से गौरी गौरा का आह्वान किया जाता है।कार्तिक अमावस्या के दिन भिंभौरी से बालिकाओं के द्वारा क्वारी मिट्टी लाया जाता है।जिससे गौरा गौरी की प्रतिमा बनाया जाता है इसमें पारंपरिक धार्मिक स्वर लहरियों के साथ मिट्टी गौरा चौरा पर लाकर चौरा की परिक्रमा कर पूजा की जाती है।शाम को महिलाओं एवम बालिकाओं के द्वारा गौरा गौरी की आराधना कर विवाह रचाया जाता है।विवाह संपन्न होने के पश्चात बालिकाएं गौरा गौरी को सिर पर धारण कर बारात निकालते है।ग्रामीण जन नवविवाहित गौरा गौरी का दर्शन करने हाथों ने पूजा का थाल लिए प्रतीक्षा करते है।महिलाएं चौका सजाकर पूजा करती है और अपनी मुरादें मांगते है।गांव की सक्रिय महिला निर्मला रात्रे ने बताया कि वे सहपरिवार प्रति वर्ष गौरा गौरी की पूजा अर्चना कर श्रीफल चढ़ती है और मनोरथ मांगती है।

गौरा विवाह के पूरे कार्यक्रम में महिलाओं का अहम योगदान होता है।हल्दी श्रृंगार से लेकर पूरे रस्मों के दौरान ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहती है तथा मिट्टी लाने से लेकर विषर्जन तक गीत गाकर में रस्मों का निर्वहन करती है।इस अवसर पर बैगा पुरुषोत्तम ध्रुव,विशाल ध्रुव,लीलू राम साहू,मंगल यादव, शेषनारायण साहू पूर्व सचिव ग्राम विकास समिति,हरिनाथ साहू,छम्मन लाल यादव,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## विश्व मधुमेह दिवस पर मेडिसिन विभाग में मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के मेडिसिन विभाग में ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग के पी.जी. छात्रों ने एक इंटरैक्टिव सत्र के माध्यम से मधुमेह के लक्षण, जोखिम कारक, रोकथाम, प्रबंधन




और जटिलताओं जैसे सामान्य विषयों के बारे में रोगियों और उनके रिश्तेदारों की शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. डी. पी. लाकरा, प्रोफेसर डॉ. आर. एल. खरे, डॉ. ए. टोप्पो, डॉ. पी. दुबे और डॉ. पी. गुप्ता उपस्थित थे। प्रो. डॉ. डी. पी. लाकरा एवं प्रो. डॉ. आर.एल. खरे ने मधुमेह के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और मधुमेह आहार से संबंधित मिथकों को दूर किया और मधुमेह रोगियों की नियमित निगरानी और आसान देखभाल के बारे में भी जनता को जागरूक किया।इस अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि भारत को दुनिया की मधुमेह राजधानी मानते हुए, मधुमेह जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारी से निपटने के लिए इस तरह की पहल समय की मांग है।

## चिकित्सा महाविद्यालय में बाल दिवस पर पंडित नेहरू का पुण्य स्मरण

**रायपुर 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतवर्ष के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्म दिवस 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पुराने और सबसे बड़े पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में एक समारोह आयोजित कर उनका पुण्य स्मरण



किया गया। अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया ने महाविद्यालय भवन के प्रवेश द्वार पर स्थापित पंडित नेहरू जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी चिकित्सा शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये और मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और स्वाधीनता पश्चात् स्वतंत्र राष्ट्र के आधुनिक निर्माण और विकास में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवारलाल नेहरू जी के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षक डॉ. अरविन्द नेरल ने बताया कि सन् 1963 में पंडित नेहरू जी के नाम पर स्थापित इस चिकित्सा महाविद्यालय ने इसके गौरवशाली हीरक जयंती वर्ष तक 60 वर्षो में कई महत्वूपर्ण उपलब्धिया हासिल की है और 230 एम.बी.बी.एस. एवं 150 एम.डी. / एम.एस. प्रवेश संख्या के साथ प्रदेश के उत्कृष्ठ चिकित्सा संस्थान का मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर डॉ. देवप्रिया लकरा, डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. जया लालवानी, डॉ. जागृति अग्रवाल, डॉ. सुमित त्रिपाठी, डॉ. पी.के. खोडियार, डॉ. निकिता शेरवानी, डॉ. स्निग्धा जैन, डॉ. प्रवीण कुर्रे, डॉ. दिवाकर धुरंधर, डॉ. प्रवीण बंजारे, डॉ. मंजू अग्रवाल, डॉ. रूपम गहलोत व अन्य चिकित्सा शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## नौसेना अग्निवीर में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मान

**अंवरी 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पंचायत भखारा फ्रीडम एकेडमी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नौसेना अग्निवीर में चयनित एकेडमी के प्रशिक्षणार्थी गोपी साहू का एवं



छत्तीसगढ़िया ओलंपिक एवं शालेय एथलेटिक्स खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके नगर को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ी राहुल , भाविका, रश्मि एवं रितिका का सम्मान किया गया 7 तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ देश सेवा में अग्रसर होने का संदेश दिया गया। जिसके मुख्य अतिथि हराकचंद जैन और विशिष्ट तिथि छत्रपाल निषाद जिसके साथ ट्रेनर समीर गौर, राजेश कुमार और सभी विद्यार्थी उपस्थित थे7

## अनियमित कर्मचारी एवं उनके परिवार करेंगें भारतीय जनता पार्टी को वोट

**रायपुर 15 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** सभी दैनिक वेतनभोगी, प्लेसमेंट, संविदा, मानदेय, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर, ठेकाकर्मी, जॉबदर अन्य प्रकार के अनियमित कर्मचारियों से अपील है कि विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस पार्टी ने अपने जन घोषणा पत्र में हमसे नियमितिकरण, आउटसोर्सिंग पूर्णता बंद और छटनी ना करने का वादा किया था। पूरे 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी हमें अनियमित कर्मचारियों का नियमितिकरण नहीं हुआ, ना हमारे 20,000 से अधिक नौकरी से निकाले गये साथियों की बहाली हुई और ना ही शासकीय विभागों से आउटसोर्सिंग पूर्णता बंद हुआ। उल्टे हम कर्मचारियों को पिछले 5 साल से लगातार प्रताड़ित होना पड़ा,वेतन के लाले पड़े,सेवा वृद्धि रोका गया, हमारे साथियों को पुलिस के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। एफआईआर दर्ज करवा कर जबरदस्ती कोर्ट में घसीटा गया है। निर्दोष अनियमित कर्मचारी साथियों को सेंट्रल जेल रायपुर भेज अत्याचार करने का दुष्कर्म इस कांग्रेस पार्टी की सरकार ने किया है। ताकि कर्मचारियों की आवाज को कुचला जा सके।वर्तमान में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र (मोदी की गारंटी) में अनियमित कर्मचारियों के लिए 100 दिन के अंदर कमिटी बनाकर चरण बद्ध तरीके से नियमितीकरण करने एवं उस कमिटी में अनियमित कर्मचारी संघठन के पदाधिकारी को सदस्य बनाने की बात कह रही है। पहले भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वर्ष 2008 में 40000 दैनिक वेतन भोगियों को नियमित किया था और 1,60,000 शिक्षाकर्मियों का संविलियन किया है।'बादल चाहे जितने घने हो सूर्य के प्रकाश को नहीं रोक सकते' ठीक उसी प्रकार यह कांग्रेस की अत्याचारी सरकार कर्मचारियों को उनका अधिकार लेने से नहीं रोक सकती।'यह चुनाव हम सभी अनियमित कर्मचारी महासंघ परिवार के लिए जीवन मरण का प्रश्न है।'

## संपादकीय

# जीत के लिए लगी है होड़

राजनीति भी किसी खेल से कम नहीं हैं। खेल में जैसे हर खेलनेवाली टीम का लक्ष्य जीत होता है, वैसे ही राजनीति में भी हर राजनीतिक दल का एक ही लक्ष्य होता है.चुनाव जीतना और सत्ता हासिल कर अपनी पार्टी की सरकार बनाना। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण में 20 सीटों के लिए मतदान हो चुका है। लोगों ने उत्साह से मतदान किया है। इस ज्यादा हुए मतदान को लेकर सबका अपना अपना मत है कि एक दल के लोगों को मत है कि ज्यादा मतदान का मतलब होता है कि जनता बदलाव चाहती है। दूसरे दल का मत है कि जनता कांग्रेस सरकार के काम से खुस है,इसलिए उसने फिर से कांग्रेस सरकार के लिए उत्साह से मतदान किया है। पहले चरण के मतदान के पहले जिस तरह दलों में राज्य की जनता से वादा करने की होड़ लगी हुई थी, दूसरे चरण के मतदान के लिए भी उसी तरह की होड़ राजनीतिक दलों के बीच लगी हुई है। पहले चरण के मतदान के लिए कांग्रेस ने चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए फिर से किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस की तरह की वादे कर कांग्रेस से बढ़त लेने की कोशिश की। उसने धान कांग्रेस से ज्यादा खरीदने व ज्यादा कीमत में खरीदने के सा्थ पैसा एकमुश्त करने का वादा किया साथ ही महिलाओं को लिए 12 हजार रुपए सालाना देने की घोषणा भी की। भाजपा ने कांग्रेस से धान का पैसा ज्यादा देने की घोषणा की तो कांग्रेस ने जो पहले धान 2800 में खरीदने की घोषणा कर चुकी थी, उसने भाजपा के 3000 रुपए के जवाब में 3200 रुपए प्रति क्विटंल धान खरीदने की घोषमा की। इसके बाद पहले चरण के मतदान में रिकार्ड मतदान होने के बाद कांग्रेस को लगा होगा कि भाजपा महिलाओं को 12 हजार रुपए देने का वादा कर उससे आगे निकल गई है, इसकी वजह से महिलाएं भाजपा को ज्यादा वोट देंगीं सोचकर कांग्रेस की तरफ से यह घोषणा की गई कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महलिाओं को 15 हजार रुपए देगी। यह भाजपा के 12 हजार से तीन हजार ज्यादा है। कांग्रेस ने अपनी घोषणाओं व घोषणापत्र में ऐसा कोई वादा नहीं किया था, भाजपा की घोषणा पत्र के बाद ही उसने ऐसा किया है इसलिए यह माना जा रहा है कि भाजपा की घोषणा के जवाब में ही कांग्रेस ने ऐसा किया है। भूपेश सरकार ने राज्य विधानसभा चुनाव किसानों के लिए अहम घोषणाएं कर उनको ज्यादा महत्व दे दिया था। जवाब में भाजपा ने किसानों के महत्व देने के साथ ही महिलाओं को भी उसके बराबर महत्व दे दिया। इससे कांग्रेस को भी महिलाओं को मह्त्व देना पड़ा है। यानी इस चुनाव में किसानों के साथ ही महिलाओं की भूमिका भी दलों को जिताने में अहम होगी। कांग्रेस या भूपेश बघेल ने राज्य की राजनीति में जो बदलाव किए हैं उसे देखते हुए चुनाव में जीत के लिए जरूरी हो गया था कि दूसरे दल भी वही सब करें जो कांग्रेस ने पाचं साल किया है। यही वजह है कि चुनाव जीतने के लिए तथा कांग्रेस को हराने के लिए भाजपा को भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ना पड़ा है, जिस रास्ते को वह राज्य,राज्य के लोगों तथा देश के विये दीर्घकाल में ठीक नहीं मानती है। जनता की जेब भरने व जनता को देने वाली राजनीति अल्पकाल के लिए तो ठीक मानी जा सकती है कि इससे एक या दो बार सत्ता मिल जाती है लेकिन यह राजनीति हमेशा नहीं की जा सकती क्योंकि एक सीमा के बाद राजनीतिक दलों के पास भी देने को कुछ नहीं बचेगा क्योंकि यह राजनीति राज्य की आय बढ़ाने वाली नहीं राज्य की खर्च बढ़ाने वाली राजनीति है। राज्य का कर्ज बढ़ाने वाली राजनीति है। अभी राजनीतिक दलों को समझ नहीं आ रहा है, लेकिन भविष्य में उन्हें समझ आएगा।

# भगवान श्री चित्रगुप्त पूजन कथा

**धर्म**

**कृष्ण कुमार निगम**

**पद्म पुराण के अनुसार जो व्यक्ति कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को और चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया तिथि को विधि पूर्वक चित्रगुप्त की कथा, पूजा, अर्चना करते है उनके कष्ट दूर होते हैं और वे मृत्यु उपरांत बैकुंठधाम जाते हैं।**

भीष्म पितामह ने पुलस्त्य मुनि से पूछा कि हे महामुनि संसार में कायस्थ नाम से विख्यात मनुष्य किस वंश में उत्पन्न हुए हैं तथा किस वर्ण में कहे जाते हैं, इसे मैं जानना चाहता हूँ। इस प्रकार के वचन कहकर भीष्म पितामह ने पुलस्त्य मुनि से इस पवित्र कथा को सुनने की इच्छा जाहिर की। पुलस्त्य मुनि ने गंगा पुत्र भीष्म पितामह से कहा - हे गांगेय मैं कायस्थ उत्पत्ति की पवित्र कथा का वर्णन आपसे करता हूं। जो इस जगत का पालनकर्ता है वही फिर नाश करेगा उस अव्यक्त शांत पुरुष लोक-पितामह ब्रम्हा ने जिस तरह पूर्व में इस संसार की कल्पना की है वही वर्णन मैं कर रहा हूँ। मुख से ब्राम्हण, बाहु से क्षत्रिय, जंघा से वैश्य, पैर से शूद्र, दो पांव, चार पांव वाले पशुओं से लेकर समस्त सर्पादि जीवों का एक ही समय में चन्द्रमा, सूर्यादि ग्रहों को और बहुत से जीवों को उत्पन्न कर ब्रह्मा ने सूर्य के समान तेजस्वी ज्येष्ठ पुत्र को बुलाकर कहा– हे सुब्रत तुम यत्नपूर्वक इस जगत की रक्षा करो। सृष्टि का पालन करने के लिए ज्येष्ठ पुत्र को आज्ञा देकर ब्रह्मा ने एकाग्रचित होकर दस हजार वर्ष की समाधि लगाई।



अंत में विश्रांत चित्त हुए। उसके उपरांत ब्रह्मा के शरीर से बड़ी-बड़ी भुजाओं वाले श्यामवर्ण, कमलवत गर्दन, चक्रवत तेजस्वी, अति बुद्धिमान, हाथ में कलम-दवात लिए तेजस्वी, अतिसुन्दर विचित्रांग, स्थिर नेत्र वाले, एक पुरुष अव्यक्त जन्मा, जो ब्रह्मा के शरीर से उत्पन्न हुआ। हे भीष्म! उस अव्यक्त पुरुष को नीचे से ऊपर तक देखने के बाद ब्रह्मा जी ने समाधि छोड़कर पूछा– हे पुरुषोत्तम हमारे सामने स्थित आप कौन हैं। ब्रह्मा का यह वचन सुनकर वह पुरुष बोला– हे विधे मैं आप ही के शरीर से उत्पन्न हुआ हूँ इसमें किंचित मात्र भी संदेह नहीं है। हे तात अब आप मेरा नामकरण करें और मेरे योग्य कार्य भी कहिये। यह वाक्य सुनकर ब्रम्हाजी निज शरीर रज पुरुष से प्रसन्न मुद्रा से बोले– मेरे शरीर से तुम उत्पन्न हुए हो इससे तुम्हारी कायस्थ संज्ञा है और पृथ्वी पर चित्रगुप्त तुम्हारा नाम विख्यात होगा। हे वत्स धर्मराज की यमपुरी में धर्म-अधर्म विचार के लिए तुम्हारा निश्चित निवास होगा। हे पुत्र! अपने वर्ण में जो उचित धर्म है उसका विधिपूर्वक पालन करो और संतान उत्पन्न करो। ब्रम्हा जी ने चित्रगुप्त जी से कहा कि तुम पहले कोट नगर (उज्जैन) जाओ और देवी परमेश्वरी का तप करो। चित्रगुप्त जी ने घोर तप किया तब देवी ने वरदान दिया कि तुम अमर हो और परोपकारी होकर धर्म पर आरूढ़ हो। तब अठयासी 88हजार ऋषि ,मुनियों, ब्रह्मा, विष्णु ,महेश और 33तैतीस कोटि देवताओं ने चित्रगुप्त जी से यज्ञ कराया और उन्हें वरदान दिया कि जो व्यक्ति विधि पूर्वक कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि और चैत्र कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को चित्रगुप्त जी कीश्रद्धापूर्वक पूजा करेंगे,अनके कष्ट दूर होंगें तथा इस लोक में सुख भोग कर बैकुंठ जायेंगे। इस प्रकार ब्रह्माजी भारयुक्त वरदान देकर अंतर्ध्यान हो गए। श्री पुलस्त्य मुनि ने कहा– हे भीष्म चित्रगुप्त से जो प्रजा उत्पन्न हुई है, उसका भी वर्णन करता हूँ, सुनिये।

भगवान चित्रगुप्त की दो शादियां हुई, पहली पत्नी सूर्यदक्षिणा/नंदनी जो ब्राह्मण कन्या थी, इनसे 4 पुत्र हुए जो भानू, विभानू, विश्वभानू और वीर्यभानू कहलाए।

दूसरी पत्नी एरावती/शोभावति ऋषि कन्या थी, इनसे 8 पुत्र हुए जो चारु, चितचारु, मतिभान, सुचारु, चारुण, हिमवान, चित्र और अतिन्द्रिय कहलाए। हे भीष्म चित्रगुप्त से उत्पन्न सभी पुत्र सभी शास्त्रों में निपुण थे और धर्म-अधर्म को जानने वाले थे। श्रीचित्रगुप्त ने सभी पुत्रों को पृथ्वी पर भेजा और धर्म साधना की शिक्षा दी और कहा की तुम्हें देवताओं का पूजन, पितरों का श्राद्ध-तर्पण, ब्राम्हणों का पालन-पोषण और अभ्यागतों की यत्नपूर्वक श्रद्धा करना। हे पुत्र तीनों लोकों के हित के लिए यत्नकर धर्म की कामना करके महिषमर्दिनी देवी का पूजन अवश्य करना जो प्रकृति स्वरूप हैं और चण्ड मुण्ड का नाश करने वाली तथा समस्त सिद्धियों को देने वाली है। ऐसी देवी के लिए तुम सब उत्तम मिष्ठानादि समर्पण करो जिससे वह चण्डिका देवताओं की भाँती तुमको भी सिद्ध देने वाली हों। वैष्णव धर्म का निर्वाह करते हुए मेरे वाक्य का पालन करो। सभी पुत्रों को आज्ञा देकर चित्रगुप्त स्वर्गलोक चले गये स्वर्ग जाकर चित्रगुप्त धर्मराज के अधिकार में स्थित हुए। हे भीष्म इस प्रकार चित्रगुप्त की उत्पत्ति मैंने आपसे कही। अब मैं उन लोगों का विचित्र इतिहास और चित्रगुप्त का जैसा प्रभाव उत्पन्न हुआ सो भी कहता हूँ। श्री पुलस्त्य मुनि बोले कि नित्य पाप कर्म में रत पृथ्वी पर सौदास नामक राजा हुआ। उस पापी दुराचारी तथा धर्म-कर्म से रहित राजा ने जिस प्रकार स्वर्ग में जाकर पुण्य के फल का भोग किया वह कथा सुना रहा हूं। राजनीति को नहीं जानते हुए राजा ने अपने राज्य में ढिंढ़ोरा पिटवा दिया कि दान-धर्म, हवन, श्राद्ध-तर्पण, अतिथियों का सत्कार, जप-नियम तथा तप मेरे राज्य में कोई ना करे। देवी आदि की भक्ति में तत्पर वहां के निवासी ब्राम्हण लोग उसके राज्यों को छोड़ अन्य राज्यों में चले गये। जो रह गये वे यज्ञ हवन श्रद्धा तथा तर्पण कभी नहीं करते थे। हे गंगापुत्र तबसे उसके राज्य में कोई भी यज्ञ हवन आदि पुण्य कर्म नहीं कर पाता था। उस समय पुण्य उस राज्य से ही बाहर हो गया था। ब्राम्हण तथा अन्य वर्ण के लोग नाश करने लगे। अब आपको उस दुष्ट राजा का कर्म फल सुनाता हूँ। हे भीष्म! कार्तिक शुक्ल पक्ष की उत्तम तिथि द्वितीय को पवित्र होकर सभी कायस्थ चित्रगुप्त का पूजन करते थे। वे भक्तिभाव से परिपूर्ण होकर धूप-दीप आदि कर रहे थे। देवयोग से राजा सौदस भी घूमता हुआ वहां पहुंचा और पूजन देखकर पूछने लगा यह किसका पूजन कर रहे हो? तब वे लोग बोले कि राजन हम लोग चित्रगुप्त की शुभ पूजा कर रहे हैं। दैवयोग से यह सुनकर राजा सौदस के मन में भगवान चित्रगुप्त के प्रति श्रद्धा उत्पन्न हुआ और उसने कहा कि मैं भी चित्रगुप्त की पूजा करूँगा। यह कहकर सौदास ने विधिपूर्वक स्नानादि करके मन से चित्रगुप्त की पूजा की। इस भक्तियुक्त पूजा करने से उसी क्षण राजा सौदस पापरहित होकर स्वर्ग चला गया। इस प्रकार चित्रगुप्त का प्रभावशाली इतिहास मैंने आपसे कहा। अब हे नृपश्रेष्ठ! और क्या सुनने की आपकी इच्छा है? यह सुनकर भीष्म पितामह ने महर्षि पुलस्त्य मुनि से कहा– हे मुनिवर! किस विधि से वहां उस राजा सौदस ने चित्रगुप्त का पूजन किया जिसके प्रभाव से सौदास स्वर्ग लोक को चला गया, वह कहें। श्रीपुलस्त्य मुनि बोले– हे भीष्म! चित्रगुप्त के पूजन की संपूर्ण विधि मैं आप से कह रहा हूँ। घृत से बने नैवेध, ऋतुफल, चन्दन, पुष्प, दीप तथा अनेक प्रकार के रेशमी और विचित्र वस्त्र से, शंख मृदंग, डिमडिम अनेक बाजे के साथ भक्तिभाव से पूजन करें। हे विद्वान! नवीन कलश लाकर जल से परिपूर्ण करें। उस पर शक्कर भरा कटोरा रखें और यत्नपूर्वक पूजनकर ब्राम्हण को दान देवें। पूजन का मंत्र भी इस प्रकार पढ़े - दवात कलम और हाथ में खल्ली लेकर पृथ्वी में घूमने वाले हे चित्रगुप्त आपको नमस्कार है। हे चित्रगुप्त आप कायस्थ जाति में उत्पन्न होकर लेखकों को अक्षर प्रदान करते हैं जिसको आपने लिखने की जीविका दी है। आप उनका पालन करते हैं इसलिए मुझे भी शांति दीजिए। हे भीष्म इन मंत्रों से संकल्पपूर्वक चित्रगुप्त का पूजन करना चाहिए। इस प्रकार राजा सौदास ने भक्तिभाव से पूजन कर निजराज्य का शासन करता हुआ कुछ ही समय में मृत्यु को प्राप्त हुआ। यमदूत राजा सौदास को भयानक यमलोक में ले गए। चित्रगुप्त ने यमराज से पूछा कि यह दुराचारी पाप कर्मरत सौदास राजा है जिसने अपनी प्रजा से पापकर्म करवाया है। इसके लिए कठोरतम दंड का विधान होना चाहिए। इस प्रकार धर्मराज से पूछे जाने पर धर्माधर्म को जानने वाले महामुनि चित्रगुप्त जी ने हंसकर उस राजा के लिए धर्मयुक्त शुभ वचन कहा– हे धर्मराज! यह राजा यद्यपि पापकर्म करने वाला पृथ्वी में प्रसिद्ध है और मैं आपकी प्रसन्नता से पृथ्वी पर पूज्य हूं। हे स्वामिन्! आपने ही मुझे वह वर दिया है। आपका सदैव कल्याण हो। आपको नमस्कार है। हे देव आप भली-भांति जानते हैं और मेरी भी मति है कि यह राजा पापी है तब भी इस राजा ने भक्तिभाव से मेरी पूजा की है इससे मैं इससे प्रसन्न हूं। हे इष्टदेव! इस कारण यह राजा बैकुंठ लोक को जाए। चित्रगुप्त का यह वचन सुनकर यमराज ने राजा सौदास को बैकुंठ जाने की आज्ञा दी और राजा सौदास बैकुंठ लोक को चला गया।

## आज का राशिफल

मेष- मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर पर जा सकते हैं। छात्र आज शिक्षा में आ रही समस्याओं के लिए अपने गुरुजन से बातचीत करेंगे। आपके लिए तरक्की के नए-नए रास्ते खुलेंगे। अगर अपने कहीं पैसा उधार दिया था तो आज वो वापस मिलेगा।

वृष- वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज परिवार में चल रही अनबन से आपको छुटकारा मिल जायेगा। आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे और उनको कुछ आवश्यकता की चीजें भी गिफ्ट करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को पूरा करने में में दोस्त की मदद मिलेगी ।

मिथुन- मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको किसी नए काम में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा । परिवार के लोग आज आपसे कुछ खास चीजों की डिमांड कर सकते हैं । आज आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे, जो आपके रुके हुए कार्यों को पूरा कराने में मददगार साबित होगा। आज किसी कार्य में आपके प्रयत्न सफल रहेंगे। ऑफिस के रुके हुए कार्यों को आज समय से पूरा करने में सफल होंगे ।

कर्क- कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा । परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में चल रही समस्या आज समाप्त होगी। आज आप किसी मित्र से मिलने उनके घर जायेंगे। साथ में कहीं घूमने भी जायेंगे । आज आपके कार्यों में माता पिता का सहयोग मिलेगा। व्यापार में कोई बड़ी डील फाइनल होने के योग बने हुये है।

सिंह- सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता को उनकी पसंद की कोई चीज गिफ्ट करेंगे। आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके जरूरी कागजातो पर ध्यान अवश्य देना चाहिए। प्रापर्टी में निवेश करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज आप नया वाहन लेने का मन बनायेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर के साथ इंटर्न करने का मौका मिलेगा।

कन्या- कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेंगे।

तुला- तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आपका कोई जरूरी काम समय से पूरा हो जायेगा, आप रिलैक्स महसूस करेंगे। किसी नये प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को आज किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है । परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही रूकावट आज दूर होगी। कोई अच्छा रिश्ता फाइनल होगा। शिक्षकों का ट्रान्सफर आज उनके मन-पसंद जगह पर होगा।

वृश्चिक- वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है । किसी कानूनी मामले में भी आज आपको जीत मिलने के योग बन रहे है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर फोकस बनाए रखना होगा । संतान पक्ष से आज आपको कोई शुभ समाचार मिलेगा। घर के सजावट का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे।

धनु- धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। संतान की नौकरी से संबंधित कागजात तैयार करने के लिए भागदौड़ में लगे रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको गिले-शिकवे दूर करने का मौका मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आज आपको मनपसंद काम मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे । इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है। परिवार के साथ आज किसी धार्मिक स्थल पर भगवान के दर्शन करने जायेंगे।

मकर- मकर राशि वालों आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहने वाली है। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा । आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा। संतान की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है । बिजनेस की गति बढ़ने से आपको अधिक धन लाभ होगा।

कुंभ- कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। छात्रों को जल्द ही सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कहीं घूमने जायेंगे।

मीन- मीन राशि वालों आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप व्यापार के मामले में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। यदि आपने पहले किसी को पैसा उधार दिए थे, तो आज वो वापस मिलेगा। आज आपको किसी से बात करते समय मीठी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। आज आप अपने बढ़ते खर्च को नियंत्रण करने का प्लान बनायेंगे।

**(लघुकथा)**

# भाई-दूज विशेष : भाई की भूमिका

**डॉ. रीना रवि मालपानी**



कहते है नियति के फैसले को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए, पर मानव मन इतना समझदार कहाँ। ऊमा और रमा दोनों बहनें थी। हमारे यहाँ परिवारों में प्रायः पुत्र आगमन की विशेष इच्छा होती है। जब लड़कियाँ हुई तो परिवार और रिश्तेदारों को लड़के की कमी महसूस हुई। थोड़ी उदासी भी जाहिर हुई, पर भगवान के निर्णय भविष्य के धरातल पर सृजित होते है। नियति के निर्णय के साथ तो चलना ही था, समय के साथ-साथ ऊमा और रमा उच्च शिक्षा की ओर आगे बढ़ती चली गई। ईश्वर की कृपा से वे दोनों कुछ-कुछ विशेष कौशल से भी पूर्ण थी। जिससे वे दोनों समाज में एक प्रतिष्ठित नाम प्राप्त कर पाई। बहन अपने भाई से पिता समान संरक्षण एवं प्रेम प्राप्त करना चाहती है। ऊमा ने रमा के प्रति प्रेम, संरक्षण, जिम्मेदारी निर्वहन एवं प्यार-दुलार में कहीं न्यूनता नहीं होने दी। उसके होस्टल एडमीशन में एक बड़े भाई की तरह वह खड़ी होती थी कैरियर और उसके पश्चात् विवाह की व्यवस्थाओं से लेकर उसकी छोटी से छोटी जरूरतों का ध्यान रखते हुए ऊमा सदैव बड़े भाई का दायित्व निभाती गई। ऊमा हर तरीके से अपनी छोटी बहन और परिवार के प्रति उत्तरदायित्व में खरी उतरी। परिवार के लिए हर प्रकार की व्यवस्था जुटाने में वह तत्पर रही। रमा को कभी भी भाई की कमी महसूस ही नहीं होने दी। लड़ाई-झगडे, नोक-झोंक और प्यार-दुलार भी दोनों बहनों की यादों का अहम हिस्सा था। हालांकि ऊमा को इस दायित्व को निभाने में कई बार अनवरत संघर्षों से भी जूझना पड़ा, पर ऊमा परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेती गई और भाई के दायित्व को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाती गई। ऊमा के इस अहम दायित्व की वजह से आज रमा एक कुशल जीवन व्यतीत कर रही थी। परिवार और रिश्तेदार भी अब नियति के निर्णय की सार्थकता को समझ चुके थे। हमनें यह तो बहुत सुना है कि जो मन का हो वो अच्छा और जो मन का न हो वह बहुत अच्छा। ईश्वर का चयन सदैव हमारी परिस्थितियों के अनुरूप होता है। वह स्वयं ही पालनहार है तो उसकी चिंता तो सर्वाधिक है। यदि मन में ध्येय हो तो एक लड़की भी भाई के कर्तव्य को पूर्ण निष्ठा से निभा सकती है। भाई की भूमिका में भाई के मनोभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है और वह तो एक लड़की भी बखूबी समझ सकती है। समाज को लिंग भेद से ऊपर उठकर सोचना होगा। संकीर्ण सोच से हम समाज की यथोचित उन्नति नहीं कर सकते। भाई-बहन का रिश्ता समर्पण और समझदारी से अटूट बनता है, इसलिए रिश्ते की गहराई को समझने का प्रयास करें और कर्त्तव्य निर्वहन में केवल समर्पण और भावनाओं को प्राथमिकता दे। भाई-बहन का स्नेह केवल भावनाओं के बंधन से प्रगाढ़ होता है। हमारा सनातन धर्म इन त्यौहारों के माध्यम से रिश्तों की प्रगाढ़ता को वृहद करने की ओर संकेत करता है।

# आपका तकिया ही कैसे बनता है पिपंल होने का कारण

जितनी जरूरी हमारी हेल्थ है ठीक उसी तरह हमारी त्वचा और बालों को भी हमारी खास केयर की जरूरत पड़ती है. कई बार ऐसा होता है कि त्वचा की ठीक से देखभाल नहीं होने पर उसपर मुंहासे या पिंप्लस कई दिनों तक रह जाते हैं. जोकि काफी ज्यादा परेशान करते हैं. लेकिन आपको पता चला कि चेहरे पर पिंप्लस का कारण आपका तकिया हो सकता है तो इस पर आप क्या कहेंगे? आज हम इस आर्टिकल के जरिए तकिया और पिंप्लस के बीच क्या कनेक्शन है इस पर ही चर्चा करेंगे. जब तकिए को बार-बार नहीं धोया जाता है, तो इसमें धीरे-धीरे बैक्टीरिया, गंदगी और तेल जमा होने लगते हैं. गंदगी जमा होने के कारण तकिए के बाहरी भाग में गंदगी पनपने के कारण मुंहासे निकलने का कारण बनते हैं. ये पर्यावरण और डेली लाइफस्टाइल से हमारी अपनी त्वचा और बालों से आते हैं. बाहरी कपड़ों के संपर्क से आपकी त्वचा में होने वाली जलन को एक्ने मैकेनिका कहा जाता है. कपड़े गर्मी, पसीने या बैक्टीरिया को फंसा लेते हैं, जिससे त्वचा में जलन होती है. हालांकि खेल उपकरणों के कारण अक्सर एथलीटों में देखा जाता है. तकिए जैसी घरेलू वस्तुएं भी मुंहासे मेकेनिका को बढ़ा सकती है.

**पर्व-त्यौहार**

**ललित गर्ग**

# हिन्दू भाई-बहन के पवित्र प्यार का पर्व है भैया दूज



हिन्दू समाज में भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का प्रतीक पर्व है यह भैया दूज पर्व। दीपावली पांच पर्वों का संगम है, उसी से जुड़ा है यह पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के टीका लगाने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है। इस पर्व से भाई-बहन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है। भाई और बहन के रिश्ते को यह फौलाद-सी मजबूती देने वाला है। आदर्शों की ऊंची मीनार है। सांस्कृतिक परंपराओं की अद्वितीय कड़ी है। रीति-रिवाजों का अति सम्मान है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को फिर स्थापित करने, एक श्रेष्ठ और मूल्यनिष्ठ समाज एवं परिवार की स्थापना करने, पूरे विश्व को एकता, सौहार्द एवं प्रेम के सूत्र में बांधने तथा सभी मनुष्यों को पवित्रता के संकल्प में बंधकर हर एक को इसकी पहल करने का अलौकिक संदेश देता है भैया दूज का पर्व। भैया दूज भारत में कई जगह अलग-अलग नामों के साथ मनाई जाती है। बिहार में भिन्न रूप में मनाया जाता है, जहां बहनें भाईयों को खूब कोसती हैं फिर अपनी जबान पर कांटा चुभाती हैं और क्षमा मांगती हैं। भाई अपनी बहन को आशीष देते हैं और उनके मंगल के लिए प्रार्थना करते हैं। गुजरात में यह भाई बीज के रूप में तिलक और आरती की पारंपरिक रस्म के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र और गोवा के मराठी भाषी समुदाय के लोग भी इसे भाई बीज के तौर पर मनाते हैं। यहां बहने फर्श पर एक चैकोर आकार बनाती हैं, जिसमें भाई करीथ नाम का कड़वा फल खाने के बाद बैठता है। भैया दूज के बहाने स्वजनों और भाइयों से भेंट की भावना छिपी होती थी। सभी शादीशुदा लड़कियां अपने ससुराल में भाई को बुलाती है और खूब सत्कार करती है।

बहन के द्वारा भाई की रक्षा के लिये मनाये जाने वाले इस पर्व को हिन्दू समुदाय के सभी वर्ग के लोग हर्ष उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व पर जहां बहनें अपने भाई को टीका लगाकर उनके जीवन रक्षा, दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करती हैं तो वहीं भाई भी सगुन के रूप में अपनी बहन को उपहार स्वरूप कुछ भेंट देने से नहीं चूकते। यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इन्हीं त्यौहारों में भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को दर्शाता है यह एक अनूठा त्यौहार। इस पर्व के पीछे यही संदेश है कि भाई-बहन के संबंध में पवित्रता, स्नेह, प्रेम, सहयोग, सौहार्द एवं अहिंसा की जैसी पवित्र भावना है, चह भावना हमें सभी मनुष्यजनों तथा सभी प्राणियों के प्रति धारण करनी चाहिए। ऐसे आचरण से ही इंसान इंसान बन सकता है। भैया दूज का आध्यात्मिक महात्म्य भूलने के कारण ही मर्यादाओं का दायरा सिकुड़ रहा है, महिलाओं एवं बहनों पर अत्याचार-व्यभिचार बढ़ रहे हैं। आज भाईयों की बहनों के प्रति रक्षा भावना एवं आत्मीयता कमजोर होती जा रही है। इसलिये समय की मांग है कि हम भैया दूज के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महात्म्य को जाने और उसे अपने जीवन में दृढ़तापूर्वक अपनाएं। तभी हमारे भीतर व्याप्त आसुरी प्रवृत्तियों का नाश हो सकता है और समाज में सच्ची शांति, प्रेम, सौहार्द एवं विश्वबंधुत्व की भावना का पुनः संचार हो सकता है। इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसका पालन करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनों टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं।

इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती हैं। उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे-धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए मंत्र बोलती हैं कि 'गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़े'। एक और मंत्र है- 'सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे' इस तरह के मंत्र इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु भी काट ले तो यमराज भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं।

इस दिन एक विशेष समुदाय की औरतें अपने आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा करती है। स्वर्ग में धर्मराज का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का पूजन सामूहिक रूप से तस्वीरों अथवा मूर्तियों के माध्यम किया जाता हैं। वे इस दिन कारोबारी बहीखातों की पूजा भी करते हैं। ऐसी भी मान्यता है कि यदि बहन अपने हाथ से भाई को भोजन कराये तो भाई की उम्र बढ़ती है और जीवन के कष्ट दूर होते हैं। इस दिन बहनें भाइयों को चावल खिलाती है। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है।

भैया दूज के बारे में प्रचलित कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब उसमें प्रदर्शन का घुन लग गया है। पर्व को सादगी से मनाने की बजाय बहनें अपनी सज-धज की चिंता और तिलक के बहाने कुछ मिलने के लालच में ज्यादा लगी रहती हैं। भाई भी उसकी रक्षा और संकट हरने की प्रतिज्ञा लेने की बजाय जेब हल्की कर इतिश्री समझ लेता है। अब भैया दूज में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधे भैया दूज पर्व का सम्मान करने की। क्योंकि भैया दूज महज तिलक लगाने एवं उपहार देने की परंपरा नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है। बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता। ये कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसे भाई की पुकार बहन तक पहुंचती तो बहन हर तरह से भाई की सुरक्षा के लिये तत्पर हो जाती। आज घर-घर में ही नहीं बल्कि सीमा पर भाई अपनी जान को खतरे में डालकर देश की रक्षा कर रहे हैं, उन भाइयों की सलामती के लिये बहनों को प्रार्थना करनी चाहिए तभी भैया दूज का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत एवं व्यापक बन पायेगा।

## एक नजर

### सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव कंट्रोल रूम, सी विजिल व मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

**महासमुंद, 15 नवंबर।** चुनाव कंट्रोल रूम, सी विजिल व मीडिया प्रमाणन समिति एमसीएमसी का निरीक्षण व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र बसना एवं सरायपाली से प्राप्त शिकायतों की जानकारी प्राप्त कर शिकायतों के निराकरण के संबंध में प्रभारी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। मीडिया सेंटर में इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया से संबंधित संधारित किए जा रहे पंजियों का अवलोकन किया। इस संबंध में कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। जांच के दौरान कंट्रोल रूम प्रभारी एसके टंडन एवं मीडिया केंद्र प्रभारी पोषण साहू उपस्थित थे। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा क्षेत्र सरायपाली के सहायक व्यय प्रेक्षक शैलेंद्र वर्मा व विधानसभा क्षेत्र बसना के सहायक व्यय प्रेक्षक विपुल बरई से प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली लेखाओं की जांच की तैयारी की समीक्षा की गई।

### व्यय प्रेक्षक ने रेवा, टेमरी, नर्रा का किया निरीक्षण

**महासमुंद, 15 नवंबर।** व्यय प्रेक्षक निलेश राउतकर ने रेवा, टेमरी, नर्रा जांच चौकी का निरीक्षण किया तथा उपस्थित टीम को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लाइजनिंग अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान, एसएसटी के हमराह मौजूद थे। व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र सरायपाली के सहायक व्यय प्रेक्षक द्वारा विधानसभा क्षेत्र में वीडियो निगरानी दल एवं स्थैतिक निगरानी दल द्वारा स्थापित चेक पोस्ट सिरपुर का निरीक्षण किया गया तथा उनके कार्यों की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### मतदान के दिन व निर्वाचन पूर्व दिवस प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों का अधिप्रमाणन जरूरी

**महासमुंद, 15 नवंबर।** मतदान के दिन और मतदान के दिन एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों का अधिप्रमाणन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार सभी समाचार पत्रों को सूचित किया गया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 में जिले की चारों विधानसभा में 17 नवंबर 2023 को होने वाले मतदान के एक दिन पहले यानी 16 नवंबर और 17 नवंबर मतदान वाले दिन प्रकाशित होने वाले समाचार के अंक में जिला स्तर से समस्त राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व राज्य या जिला स्तर पर गठित एमसीएमसी समिति से पूर्व-प्रमाणित कर ही प्रकाशित किए जा सकते हैं।

### 65 लीटर महुआ शराब, 1050 किलो महुआ लाहन जब्त



**महासमुंद, 15 नवंबर।** अवैध शराब बनाने और बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को आबकारी विभाग वृत्त सरायपाली द्वारा ग्राम कालीदरहा और गेर्रा में जंगल के किनारे दबिश देकर एक ठिकाने से लगभग 165 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब और 35 प्लास्टिक बोरी में लगभग 1050 किलो महुआ लाहन जब्त किया। अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(क) (च), 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

### गोबर का गोवर्धन पर्वत बनाकर की पूजा-अर्चना

**महासमुंद, 15 नवंबर।** नांदगांव में मंगलवार को गांव के गौठान में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। गोवर्धन पर्वत और भगवान श्रीकृष्ण, गौ-माता की विशेष श्रृंगार कर विधि विधान से पूजा की गई।लोगों ने अपने घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया और फूल, धूप, दीप आदि से उसकी पूजा की। पूजा अर्चना के बाद मिठाई व प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह ही गोवर्धन महाराज घरों में विराजमान हो गए। शहरों में जहां प्रतीकात्मक तरीके से गोवर्धन महाराज की स्थापना कर पूजा की गई। वहीं ग्रामीण इलाके में इसको लेकर ज्यादा उत्साह देखने को मिला। पशुपालकों ने पशुओं को नहला कर उनको श्रृंगार किया। गौठान में पूजा के दौरान बिहारी लाल पटेल, गंगा प्रसाद तारक, घनश्याम जांगड़े, सालिक राम पटेल, रूपलाल ध्रुव, ओमकार धीवर, देवनारायण धीवर, रामनारायण धीवर, हरिशचंद्र पटेल, लेखराम पटेल, हरि पटेल, टीकम पटेल, सालिक राम पटेल, एसकुमार पटेल, श्याम लाल धीवर, मेहत्तर पटेल, छबि धीवर, रामनारायण पटेल, लता भारद्वाज, सरपंच मधुरा नेताम, लोकेश्वरी पटेल, देवकी धीवर, हिमेश्वरी धीवर, पप्पू पटेल सहित ग्रामीजन उपस्थित थे।

### 27 मरीजों को दिया नि:शुल्क परामर्श

**महासमुंद, 15 नवंबर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में नि:शुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें 27 मरीज को सामाजिक परामर्श दिया गया। सीएमएचओ डॉ पी कुदेशिया, डीपीएम नीलू धृतलहरे और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना बीएमओ डॉ जेपी प्रधान, ब्लॉक नोडल डॉ राजीव पटेल, बीपीएम डोलचंद नायक, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लीनिक से रामगोपाल।

# शराब दुकानों की सतत निगरानी की जाए

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले की समस्त देशी/विदेशी शराब की फुटकर दुकानों की सतत जांच तथा कड़ी निगरानी रखने एवं अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाई के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग जिला महासमुंद द्वारा शराब दुकानों में दैनिक शराब स्कंध पंजी का अद्यतन संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है। शराब के आमद, भंडारण तथा दैनिक विक्रय पर प्रभारी अधिकारियों के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। शराब दुकानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के सुचारू संचालन तथा न्यूनतम 15 दिवस का बैकअप संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है एवं तकनीकी समस्या आने पर तत्काल निराकरण किया जा रहा है। जिले के कार्यपालिक स्टॉफ द्वारा औसत विक्रय मात्रा की तुलना में 30 प्रतिशत या अधिक विक्रय वाली शराब दुकानों का गहन निरीक्षण किया जा रहा है। आबकारी विभाग के राज्य स्तरीय तथा संभागीय उड़नदस्ता टीम के द्वारा भी जिले की शराब दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है।सोमवार को जिले के कार्यपालिक स्टॉफ द्वारा औसत विक्रय मात्रा की तुलना में 30 प्रतिशत या अधिक विक्रय वाली शराब दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें स्थानीय बाजार, सभा रैली में जुटने वाली भीड़ तथा दीपावली पर्व के कारण शराब विक्रय में वृद्धि परिलक्षित होना पाया गया है।



वृत्त क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को शराब दुकानों पर सतत निगरानी रखने एवं प्रति व्यक्ति निर्धारित विक्रय सीमा का कड़ाई से पालन कराने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रभारी अधिकारी, आबकारी नियंत्रण कक्ष महासमुंद को आबकारी नियंत्रण कक्ष का 247 संचालन के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी व्यक्ति द्वारा आबकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष पर अवैध शराब तथा शराब दुकानों से संबंधित शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है।




**भिलाई।** चांवल के छोटे से दाने पर पेन्टिंग बनाकर वोट देने की अपील सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने की है। उन्होंने इस चांवल के उपर और नीचे शान से लहराते तिरंगे का चित्रण करते हुए इसे प्रजातंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार कहा है। ज्ञात हो कि अंकुश देवांगन को सबसे छोटी मूर्तियों और चांवल के दानों पर चित्रकारी के लिए लिम्का बुक ऑफ द रिकॉर्ड का एवार्ड प्राप्त है। चित्र में इस सूक्ष्म चांवल को अपने उंगली के नाखून पर रखकर निहारती हुई एक महिला वोटर।

## सामान्य प्रेक्षक ने महासमुंद विधानसभा के 21 सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक

**महासमुंद, 15 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार ने महासमुंद विधानसभा के 21 सेक्टर अधिकारियों की बैठक वन विद्यालय महासमुंद में ली। बैठक में भीमनवार ने कहा कि प्रत्येक चुनाव में सेक्टर ऑफिसर की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की हर गतिविधि की जानकारी रखें। सेक्टर अधिकारी मतदान तथा मतगणना के समय समस्त कार्रवाईयों में समन्वय करते हैं। मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की भी उन पर भी जिम्मेदारी होती है। निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारी चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरूप ही निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने केंद्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर रिपोर्ट के अनुसार अपनी तैयारी कर लें। सामान्य प्रेक्षक भीमनवार ने बैठक में सेक्टर अधिकारियों के कार्य व दायित्व, मतदान प्रक्रिया की जानकारी और ईवीएम मशीनों के सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी के संबंध के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में महासमुंद विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी उमेश साहू एवं सभी सेक्टर अधिकारी मौजूद थे। तत्पश्चात सामान्य प्रेक्षक विवेक भीमनवार द्वारा शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें मतदान केंद्र बृजराज स्कूल, आत्मानंद महाविद्यालय एवं आशीबाई गोलछा विद्यालय का निरीक्षण शामिल है।

### 48 घंटे की पहले की अवधि में चुनाव प्रक्रिया पर रोक

**महासमुंद 15 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान की समाप्ति से 48 घंटे पहले की अवधि के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रतिबंधों के संबंध में आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता पर मैनुअल के अध्याय 8 की प्रति में निर्देश प्राप्त है।

## पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस हादसे का शिकार होते बची

**भिलाई, 15 नवंबर।** छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन आज बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई. पुरी से अहमदाबाद की ओर जा रही पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस के एसी कोच ब्2 में अचानक धुआं निकालने से हड़कंप मच गया. दरअसल छत?तीसगढ़ के भिलाई में पुरी से अहमदाबाद जा रही पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस के एसी बी 2 कोच में पावर हाउस भिलाई रेलवे स्टेशन में आग लग गई. धुआं देखते ही ट्रेन का इमरजेंसी ब्रेक लगाकर भिलाई पावर हाउस स्टेशन में रोका गया. इसके बाद स्टेशन स्टाफ ने देखा कि ब्रेक शू के पास से लगातार धुआं निकल रहा है और हल्की सी आग लगी हुई है. चिंगारी भी निकल रही थी धुआं देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर भिलाई पावर हाउस स्टेशन में ट्रेन को रोका गया.



तत्काल भिलाई पावर हाउस स्टेशन स्टाफ को सूचित किया गया और हैवी पंप से पानी मार कर आग को बुझाया गया और ब्रेक शू को क्रू मेम्बरों ने दुरुस्त किया आरपीएफ के अधिकारी ने बताया कि पुरी से अहमदाबाद जा रही पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस के बी 2 कोच में आग लग गई. आग कोच के नीचे तरफ लगी थी, जिस पर पावर हाउस भिलाई रेलवे स्टेशन में काबू पाया गया. 10ञ्20 पर यह ट्रेन पावर स्टेशन पहुंची थी, जहां पर यात्रियों ने हल्ला किया कि ट्रेन के नीचे से धुआं निकल रहा है. इसके बाद तत्काल रेलवे हमला हरकत में आया और आग पर काबू पा लिया गया है. इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है इस घटना के बाद करीब घंटेभर ट्रेन पावर हाउस भिलाई रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही. आग बुझाने के बाद ट्रेन को आगे की ओर रवाना किया गया. स्टेशन स्टाफ और ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया।

सम्मान



### माधव सेवा समिति ने दीपावली पर पत्रकारों का किया सम्मान

**बचेली।** लौहनगरी बचेली में सोमवार दिनांक 13 नवम्बर को बचेली नगर मे माधव सेवा समिति द्वारा नगर के समस्त पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाओं सहित सम्मानित कर उपहार भेंट किया समिति के सदस्यों ने सभी पत्रकारों के निवास में जाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी साथ ही दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में उपहार स्वरूप मिठाई भेंट कर सम्मानित किया। आपको बता दे की पुर्व में माधव सेवा समिति द्वारा नारद जयंती पर भी पत्रकारों को सम्मानित किया गया था। इस आत्मीयता से दीपावली की शुभकामनाओं को लेकर जिला सचिव जितेंद्र चौधरी ने माधव सेवा समिति का आभार प्रकट किया एवं समिति के सदस्यों एवं उनके परिवार जनों को भी दीपावली एवं गोवर्धन पर्व की शुभकामनाएं दी।इस मौके पर समिति की ओर से संजय कुमार मंडल,प्रकाश शर्मा,अनीश कुमार,आर वेंकट रमन्ना,हरीश शर्मा मौजूद रहे।

## ये 12 फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकते हैं मतदान

महासमुंद। विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिले के सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

वहीं कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज की भी अनुमति दी है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## इजरायल पर हमास के आतंकवादियों के हमले की निंदा

**भिलाई, 15 नवंबर।** लघु उद्योग भारती के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने भिलाई में आहूत एक असाधारण बैठक में हमास आतंकवादियों द्वारा इजरायल पर हमास के आतंकियों ने हमला करके जो भी कुकृत्य किए है उस पर उन्होंने एवं उपस्थित सदस्यों ने विरोध प्रकट किया। सत्यनारायण जी ने कहाँ की पूरी दुनिया अवाक है, स्तब्ध है लोग यह सोचकर और देखकर हैरान हैं कि ऐसे भी लोग हो सकते हैं जो इसराइल के साधारण नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों की हत्या कर सकते हैं जो बच्चों को उनके अभिभावकों के सामने मार सकते हैं, जो आम नागरिकों को बिना किसी कारण मौत के घाट उतार सकते हैं लड़कियों का अपहरण कर बर्बरता की सारी सीमाएं लाँघ दी भारतवर्ष के नागरिकों में आम जनों में इस बात का काफी गुस्सा एवं क्रोध है जिसका पुरजोर विरोध अपना देश भारतवर्ष ने पुरजोर ढंग से किया। मध्य युगीन बर्बरता आज के समय में कर सकने वाले लोग जो अपने को मानव या इंसान कहते हैं पर लानत है परन्तु जहां आतंकवाद के शिकार रहे भारत की आम जनता इन हमलों के विरोध में सोशल मीडिया पर तथा अन्य माध्यमों से अपना विरोध व्यक्त कर रही थी लोग इस संकट की घड़ी में यही प्रार्थना कर रहे थे कि कम से कम लोग इस हमले में मारे गए हों, उसी समय भारत में बहुत बड़ा वर्ग ऐसा था।

,जिसके लिए आम नागरिकों पर हुआ यह हमला कोई हमला न कर एक प्रतिरोध था।भारत में रहने वाली और खुद को देश की सबसे पुरानी पार्टी होने का दंभ भरने वाली पार्टी ने इस निंदनीय घटना पर जिस प्रकार की प्रतिक्रिया दी है वह शर्मनाक हैं इन सारे लोगों की संवेदनहीनता और बेशर्मी को पराकाष्ठा तो तब सामने आई जब इजराइल में महिला का निर्वस्त्र शरीर घुमाया गया, वह जर्मनी की शानी लौक का शरीर था, जो हमले के समय वहां पर पार्टी कर रही थी। बाकी सदस्यों ने भी अपने विरोध को प्रकट करते हुए किसी देश की शांति व्यवस्था उन्नति एवं आर्थिक खुशहाली के लिए आतंकवाद का खात्मा परम आवश्यक है विशेष कर तब जब इस प्रकार के बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करने वाले लोग समाज में मौजूद हो क्योंकि आतंकवाद को लेकर भारतवर्ष का रुख हमेशा सख्त रहा है एवं हमास ने जिस प्रकार से इसराइल पर हमला कर आम लोगों की जान ली बंधक बनाया वह एक आतंकवादी एवं अमानवीय कृत है।आतंकवाद जैसे घृणित तथा ज्वलंत समस्या एवं मुद्दे पर जन साझदारी एवं सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को एक साथ चलना होगा एवं इस प्रकार के किसी भी देश में हो रहे आतंकवाद के हमले को का विरोध करना एवं उसकी निंदा करना अति आवश्यक है। अतः हम सभी उद्यमियों को उसे प्रकार के शक्तियों पार्टियों अन्य संगठनों को जो आतंकवाद का खुला समर्थन कर तुष्टिकरण की नीति पर चलने का प्रयास करती है विरोध करना होगा एवं रोकना होगा।सभा के अंत में बैठक के अंत में सत्यनारायण अग्रवाल ने संबोधित करते हुए यह आह्वान किया कि कुटीर उद्यमियों महिला उद्यमी मित्रों एवं अन्य आर्थिक जगत से जुड़े तथा सामान्य नागरिकों को भी उन सब लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है जिन्होंने इस कठिन समय में आतंकवाद को सही ठहरने की कोशिश की है एवं हमास आतंकियों का विरोध प्रकट करने के बजाय समर्थन की है।बैठक में अन्य लोगों के अतिरिक्त राजेश अग्रवाल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती सर्विस इकाई अध्यक्ष सुरेंद्र पाठक दुर्गा इकाई पूर्व अध्यक्ष संजय चौबे वरिष्ठ सदस्य भवन बडजातिया दिलीप अग्रवाल अनूप अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में अन्य उद्यमी तथा व्यापारी बंधु तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति थी ।

### अकलोरडीह में कंकाल मिला

**भिलाई ।** भिलाई-3 थाना क्षेत्र के अकलोरडीह गांव में नरकंकाल मिला है जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को एक बोरे में भरकर फारेंसिक लैब रायपुर भेज दिया वहीं मृतक की पहचान करने आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों को खंगाला जा रहा है पुलिस ने बताया कि अकलोरडीह गांव के बाहर खुले मैदान पर मानव शरीर का कंकाल मिलने से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर भिलाई-3 पुलिस की टीम वहां पहुंची। जिस जगह पर कंकाल मिला है वहां पर शव दफन नहीं किया जाता। इसलिए पुलिस इसे संदिग्ध मामला मानकर जांच में जुट गई है। नरकंकाल के पुरुष अथवा महिला होने की पुख्ता जानकारी के लिए फारेंसिक जांच होगी। वहीं कंकाल का डीएनए टेस्ट भी कराया जाएगा। इससे पहले पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों को भी खंगाल रही है।

### गढ़उमरिया लाइवलीहुड कॉलेज भवन में की गई है मतदान दलों के रुकने की व्यवस्था

**रायगढ़, 15 नवम्बर।** 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान दल शहर के केआईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान मशीन आदि लेने एवं जमा करने आएंगे। मशीन आदि को लेने और छोड़ने वाले मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था गढ़उमरिया लाइवलीहुड कॉलेज में की गई है। जहां प्रथम तल महिला कर्मचारियों के लिए आरक्षित रहेगा, वहीं ग्राउंड फ्लोर एवं भवन के अन्य स्थलों पर पुरुष मतदान दलों के रुकने की व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 17 नवंबर को निर्वाचन के लिए मतदान दलों द्वारा मतदान मशीन, सहित जरूरी दस्तावेज लेने 15 एवं 16 नवंबर की दरमियानी रात पहुंचेंगे। इसी तरह मतदान होने के उपरांत मतदान दलों को मतदान मशीन आदि को जमा करने के लिए के आईटी कॉलेज स्ट्रांग रूम पहुंचाना होगा।

## कलेक्टर पहुंचे केआईटी, मतदान सामग्री वितरण, वापसी व्यवस्था की ली जानकारी

रायगढ़, 15 नवम्बर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 17 नवंबर को होने जा रहे विधान सभा आम निर्वाचन-2023 के मद्देनजर आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल व एसएसपी श्री सदानंद कुमार केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने विधानसभा वार बनाए जा रहे मतदान सामग्री वितरण, बूथ तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट और सभी रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने तीनों विधान सभाओं के सामग्री वितरण की रूपरेखा की जानकारी लेते हुए, पोलिंग पार्टी के आवागमन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के लिए सामग्री वितरण स्टॉल तक आवागमन सुनियोजित होनी चाहिए, इसके साथ ही पोलिंग बूथ टीम के पुलिस सदस्य के लिए स्टॉल हो, जिससे टीम बेहतर ढंग से समन्वय कर पोलिंग बूथ तक पहुंच जाए। उन्होंने विधान सभाओं के सामग्री वितरण की जानकारी हेतु फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए, ताकि मतदान दलों को आवश्यक परेशानी न हो। इस दौरान उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी रायगढ़ को पर्याप्त बस एवं पार्किंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विधान सभावार बसों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, जिससे जाम की स्थिति निर्मित न हो। इसके लिए उन्होंने पुलिस जवान भी तैनात करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सामग्री वितरण/वापसी परिसर में पेड भोजन की व्यवस्था की जानकारी ली। खाद्य विभाग द्वारा जानकारी की गई कि परिसर में कम दाम पर भोजन की सुविधा उपलब्ध की गई है। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने टॉयलेट के संबंध में जानकारी लेते हुए, चलित टॉयलेट की भी व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल हेतु कार्यपालन अधिकारी पीएचई को निर्देशित किया। मतदान दलों को प्रदान की जाने वाली

### गरीबों को पक्का मकान देने मोदी ने 16 लाख आवास का पैसा भेजा था जिसे बघेल ने वापस लौटा दिया

# भूपेश बघेल ने गरीबों का हक छीनकर महापाप किया: हेमंता बिस्वा

## बेरोजगारी भत्ता के नाम पर छत्तीसगढ़ के भोले-भाले बेरोजगार युवाओं को ठगा,महादेव एप में 508 करोड़ के घोटाला किया, गोबर खरीदी में भी घोटाला,राजिम की चुनावी सभा में असम के मुख्यमंत्री गरजे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम 14 नवंबर।** विधानसभा मुख्यालय के सर्कस ग्राउंड में चुनावी प्रचार के लिए पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा शर्मा ने भूपेश बघेल के ऊपर कई बार प्रहार किये। उन्होंने अपनी भाषण की शुरुआत में कहा कि मां कामाख्या की धरती से मां कौशल्या के बेटा बेटियों को नमन करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है इसमें कोई संदेह नहीं है। पार्टी के मेनिफेस्टो पर सौ फ़ीसदी मोदी की गारंटी है मतलब काम हो गया। मोदी की गारंटी अमेरिका, रसिया तथा हर जगह पूरी दुनिया में चल रहा है। परंतु भूपेश बघेल अनाप-सनाप बोलते रहते हैं। भूपेश और सिंहदेव को ढाई ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहना था लेकिन भूपेश बघेल पूरे 5 साल तक मुख्यमंत्री रहा अर्थात कुछ ना कुछ तो लेन-देन हुआ ही होगा। इस शब्द को सुनकर उपस्थित लोगों ने जोरदार ताली बजायी। श्री बिस्वा ने आगे कहा कि महादेव एप में 508 करोड़ के घोटाले में अपना नाम लगाना था महादेव का उपयोग कर लिया है अब देवाधिदेव उसे छोड़ने वाला नहीं है एक-एक पैसा का हिसाब देना पड़ेगा ऐसे घोटालेबाज को भाजपा बिल्कुल नहीं छोड़ेगी। दारू बंद करने की बात कही थी लेकिन उन्होंने होम डिलीवरी शुरू कर दिया। राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आकर 3000 रुपए में प्रति क्विंटल धान खरीदने की घोषणा किया। हमने 3100 और 21 क्विंटल धान खरीदी करने की घोषणा किया। दूसरे दिन कांग्रेस ने 32 और 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने की फिर से घोषणा कर दी। नकल भी अकल से करना पड़ता है वह 20 को 21 क्विंटल करने भूल गए असम में आकर छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं कहा हमने तुरंत छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं को फोन लगाया तब पता चला कि यह पूरी झूठ है उन्होंने कोई बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया है। हमने अपने कार्यकाल के दौरान एक लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही थी 2 साल में ही 90 हजार लोगों को नौकरी दे दी है और वह भी बिना लेनदेन के। यहां नौकरी किसी के हाथ में नहीं लगा है। बेरोजगारी भत्ता भी किसी को नहीं मिला और पब्लिक सर्विस कमिशन में अपने रिश्तेदारों को नौकरी देने का पाप किया है। छत्तीसगढ़ में गरीबों को पक्का मकान देने के लिए मोदी ने 16 लाख आवास भेजा था जिसे बघेल ने वापस लौटा दिया। इससे गरीबों का घर नहीं बन पाया। भूपेश बघेल ने गरीबों का हक छीना है जो महापाप है। भाजपा की सरकार बनेगी तो 18 लाख आवास छत्तीसगढ़ को मिलेगा। हर महिलाओं के खाते में सरकार बनने के अगले महीने से ही ?1000 ट्रांसफर होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कह दिया है कि बीजेपी की सरकार 5 साल में नक्सलवाद को खत्म कर देगा। क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर पर कहा कि भूपेश बघेल राम का नाम तो लेते हैं पर कभी अयोध्या जाकर रामलाल का दर्शन नहीं किया है कभी राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने भी दर्शन करने के लिए नहीं गया है वह दुनिया के हर मंदिर जाते हैं लेकिन रामलाल नहीं जाते। उसे बाबर और औरंगजेब के नाराज होने की चिंता है। मोदी से पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने पर उन्होंने राम मंदिर बनाने के बजाय बाबरी मस्जिद को देखा। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बना तो राम मंदिर निर्माण हो रहा है और 22 जनवरी को रामलाल का प्राण प्रतिष्ठा होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जरूर है लेकिन अकबर और बाबर से मिलकर राज चला रहा है यही छत्तीसगढ़ की हकीकत है। छत्तीसगढ़ में जबरदस्त धर्मांतरण किया जा रहा है जिस पर कोई लगाम नहीं है। भूपेश बघेल नक्सलियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता है कारण दोनों में इलू इलू और आई लव यू है। राजिम से बीजेपी को जिताना है छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाना है और छत्तीसगढ़ का नवनिर्माण भाजपा ही करेगी। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ भ्रष्टाचार और अत्याचार किया है उन्होंने नरवा, गरूवा,घुरवा,बाड़ी के नाम पर लूटने का ही काम किया है। अब मजा चखना का वक्त है भाजपा को वोट देकर भ्रष्टाचारियों शासन का अंत कीजिए। उन्होंने कहा कि साढे तीन लाख छत्तीसगढ़िया असम में रहते हैं जिनका संरक्षण वहां के मुख्यमंत्री कर रहे हैं। पूर्व सांसद एवं स्टार प्रचारक चंदूलाल साहू ने कहा कि शराब कोयला चावल गोबर इत्यादि में इतना भ्रष्टाचार किया है की 5 साल में कांग्रेसियों के हाथ काले हो गए हैं। वह बड़े-बड़े घोषणाएं कर रही है। जैसे ही सत्ता जाएगी, सब जेल के हवा खाएंगे। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत गरियाबंद के पूर्व अध्यक्ष डॉ श्वेता शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, भागवत हरित, मुरलीधर सिंहा, चंद्रशेखर साहू, रेखा सोनकर ने भी सभा का संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन जोश भरे लहजे में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष महेश यादव ने किया।

### मंच में रोहित साहू की कमी खलती रही

इस चुनावी सभा में तमाम जिले एवं प्रदेश के भाजपा नेता मौजूद थे परंतु विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू की मौजूदगी नहीं होने से कमी खलती रही। लोग नज़रें दौड़ाकर उन्हें ढूंढ ही रहे थे और एक दूसरे से चर्चा भी कर रहे थे कि ना तो यहां रोहित साहू का कोई फोटो पोस्टर लगा है और ना ही कहीं दिख रहे हैं। सभा के बाद लोग निकालते हुए चर्चा जरूर कर रहे थे कि असम के मुख्यमंत्री ने शानदार बात कही। सही बात है मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। मंच मेला ग्राउंड में पटाखे की दुकानें लगने के बाद चुनावी सभा सर्कस ग्राउंड में हुआ। हेमंता बिस्वा शर्मा को सुनने के लिए पूरी कुर्सी पैक हो गई। जब खुशी नहीं मिले तो लोग खड़े होकर उनके भाषण को सुन रहे थे।

### 243 लोगों ने भाजपा ज्वाइन किया

इस दौरान तुषार कदम के नेतृत्व में 243 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। इन सभी का नाम पढ़कर सुनाया गया। बार-बार लोग बदल के रहिबो और रोहित साहू जिंदाबाद के नारा लगाते रहे। दीपावली का त्यौहार होने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति में सबको हैरान करके रख दिया है। त्योहार के नाम से आज लोग दिन भर व्यस्त रहते हैं फिर भी भाजपा की सभा में अच्छी खासी भीड़ हो गई।प्रवेश द्वार पर गहरी नीला शर्ट पहने लोगों को काली शर्ट समझ कर पुलिस ने रोका सब्जी मंडी गेट पर पुलिस के सिपाही खड़े होकर जांच कर रहे थे इसके बाद ही सभा में जाने के लिए प्रवेश दे रहे थे। एक पत्रकार जैसे ही प्रवेश की, उन्हें रोक दिया गया और शर्ट बदलकर आने के बाद ही तुम्हें प्रवेश दिया जाएगा कहकर जाने ही नहीं दिया। इस पर किसी दूसरे व्यक्ति ने बताया कि यह पत्रकार है और रिपोर्टिंग के लिए जा रहे हैं इतने पर भी वह सिपाही नहीं माना और मना कर दिया। उसके बाद कार्यकर्ताओं की भीड़ आई उसमें हर रंग के शर्ट पहने हुए लोग थे, परंतु उन्हें रोक नहीं पाया। अब जैसे ही इन्होंने कहा कि यहां तो सभी प्रकार के शर्ट पहनने वाले जा रहे हैं तब वह सिपाही ने कहा कि आप भी चले जाइए।

# इस बार परिवारवाद बनाम जातिवाद की लड़ाई राजिम विधान सभा में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम 15 नवम्बर।** विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे यहां मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है इस बार यहां कांग्रेस के शुक्ल परिवार और क्षेत्र के साहू समाज की साख दांव पर लगी है बता दे कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटो में से 20 में मतदान हो चुके है बाकी 70 सीट में 17 नवंबर को मतदान होना है। ऐसे में राजिम विधानसभा सीट भी कांटे की टक्कर वाली सीट साबित होने वाली है कुल 11 प्रत्याशियों में यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला है बाकी 9 प्रत्याशियों का ज्यादा माहौल नही है कांग्रेस से पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला मैदान में है राजिम के स्थानीय युवा रोहित साहू को भाजपा ने मौका दिया है ऐसे में रोहित साहू उस समाज से आते हैं जिस समाज का बहुलता राजिम विधानसभा सीट में देखी जाती है ऐसे में साहू समाज की अपनी एकता का परिचय इस चुनाव में देखने को मिलेगा तो दूसरी तरफ कांग्रेस के वर्तमान विधायक अमितेश शुक्ल जिनका पारिवारिक बैकग्राउंड राजनीति से जुड़ा है। पंडित श्यामाचरण शुक्ल जो अविभाजित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और राजिम से चुनाव लडे थे। और तब से उनका परिवार का आरक्षित सीट माना जाता है और इस बार इस परिवार का साख दांव पर लगा है अगर चुनाव जीत जाते है तो आने वाले समय में इन्हें परिवार के अन्य सदस्य को फिर मौका मिलेगा और अगर हार जाते है तो आने वाले समय में कांग्रेस से स्थानीय या साहू समाज के किसी को मौका मिलेगा और अब समय बदल गया है।इसलिए इस बार का चुनाव यह परिवारवाद और जातिवाद सहित स्थानीय प्रत्याशियों को लेकर लड़ा जा रहा है देखना होगा कि इस दिलचस्प मुकाबले में पिछले 2018 के चुनाव में भाजपा को 58 हजार के भारी मतों से हराकर राजिम विधानसभा में कीर्तिमान रचने वाले शुक्ला को क्या जनता फिर से मौका देगा या फिर साहू समाज के मतदाता अपने समाज के इस प्रत्याशियों मौका देगा भले ही दोनों पार्टियों में साहू समाज के लोग विभिन्न पदाधिकारी के रूप में हो पर जहां जातिवाद की बात आती है वहां राजनीतिक पार्टियों के नियम किनारे हो जाता है। ऐसा कुछ इन दोनों राजिम विधानसभा सीट में देखने को मिल रहा है जिसमें रोहित साहू को समाज का आशीर्वाद तो मिल रहा है साथ ही सुनने में मिल रहा है की कांग्रेस के कई कार्यकर्ता जो साहू समाज से हैं ।वह भी रोहित साहू का अंदरुनी समर्थन कर रहे हैं।हाला की हम बात पुष्टि नहीं कर सकते पर ऐसा चौक चौराहा में सुनने को मिल जाता है।चुनावी माहौल गरमा रहा है।

जिस वजह से इस बार परिवारवाद बनाम जातिवाद के रूप में यह चुनाव मोड़ ले रहा है हमेशा से केंद्र हो या राज्य में परिवार वाद को लेकर बाते होती रहती है और यहां भी परिवार वाद साफ साफ दिखाई दे रहा है।तथा राजिम के नाम से बने विधायक को रायपुर में ढूंढने को लेकर हमेशा से बातें आते रहती हैं इस वजह से इस बार मतदाता स्थानीय विधायक और अपना नेता चुनने के मुड में हैं ।जिसमें आसानी से राजीम में मुलाकात कर सके और अपनी समस्याएं बता सके साथ ही क्षेत्र का विकास हो सके।राजिम विधान सभा सीट के फिंगेश्वर ,छुरा के कुछ और गरियाबंद के कुछ हिस्सा ही राजीम विधानसभा में आते हैं जिसमें फिंगेश्वर ही ऐसा ब्लॉक है जिसमें सभी गांव राजिम विधानसभा सीट में आते हैं और इन गांव में साहू समाज की बहुलता एवं एकता है और अगर भाजपा प्रत्याशी साहू समाज को एकजुट करने में सफल हो गया तो मानो कांग्रेस का सुपड़ा साफ होना तय है। क्योंकि जिस तरह से जातिवाद की एकता को लेकर अनुमान लगाया जा सकता है उसमें कांग्रेस को करारी हार मिल सकता है।और साहू समाज एकजुट होने का उदाहरण पेश कर सकता है।जो आने वाले भविष्य में कई मोर्चे सफल साबित होगा।

### मतदान दलों के सामग्री वितरण स्थल तक पहुंचने की गई बसों की व्यवस्था

**रायगढ़, 15 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मतदान दलों के सुविधानुसार सामग्री वितरण स्थल तक पहुंचने हेतु बसों की व्यवस्था की गई है। यह बसें 15 नवम्बर को दोपहर 12 बजे अपने निर्धारित स्थल से सामग्री वितरण केन्द्र के लिए रवाना होगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि खरसिया से रायगढ़ केआईटी कालेज तक 10 बसों की व्यवस्था की गई है। जो तहसील कार्यालय परिसर खरसिया से 15 नवम्बर को दोपहर 12 बजे रायगढ़ केआईटी कालेज के लिए रवाना होगी। इसी प्रकार पुसौर से केआईटी कालेज तक 5 बसों की व्यवस्था की गई है। जो दोपहर 12 बजे बोरोडीपा मैदान पुसौर से केआईटी कालेज के लिए रवाना होगी इसी तरह रामेश्वर गहिरा गुरू महाविद्यालय मैदान कुंजारा लैलूंगा से 5 बस, जनपद पंचायत परिसर घरघोड़ा से 5 बस, तहसील कार्यालय परिसर तमनार से 5 बस, डाईट मैदान धरमजयगढ़ से 10 बसे दोपहर 12 बजे रायगढ़ के लिए रवाना होगी तहसील कार्यालय परिसर खरसिया से 5 बस, बोरोडीपा मैदान, पुसौर से 5 बस, केआईटी कालेज रायगढ़ से 5 बस, रामेश्वर गहिरा गुरू महाविद्यालय मैदान कुंजारा लैलूंगा से 5 बस तथा तहसील कार्यालय परिसर तमनार से 4 बस दोपहर 12 बजे धरमजयगढ़ के लिए रवाना होगी। इसके अतिरिक्त मतदान दल के सदस्यों को रायगढ़ जिला मुख्यालय में ठहरने में कोई समस्या हो तो लाइवलीहुड कॉलेज गढ़उमरिया और रैन बसेरा रायगढ़ में रुक सकते हैं



## अन्नकूट के आयोजनों में पहुंचे ओपी चौधरी

**रायगढ़, 15 नवम्बर।** शहर में आयोजित अन्न कूट के आयोजनों में भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी पहुंचे। धार्मिक आस्था के पर्व दीपावली के बाद आने वाले इस अन्नकूट के आयोजन के दौरान ओपी ने पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण कर क्षेत्र वासियों की खुश हाली का आशीर्वाद मांगा। अन्न कूट के आयोजकों को साधुवाद देते हुए ओपी ने कहा धार्मिक आस्था की अलख जगाए रखने के लिए उनके प्रयास वंदनीय है। समाज आपका योगदान कभी विस्मृत नही करेगा। ओपी चौधरी आज सुभाष चौक स्थित हनुमान मंदिर, श्याम मंदिर, राम मंदिर, वृंदावन स्थित मंदिर में आयोजित अन्न कूट में शामिल हुए।

## मतदान न कर हम औरों के चुने गए प्रतिनिधि को अपना प्रतिनिधित्व करने का मौका देते हैं:प्रहलाद बंसल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया ।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण की 70 विधानसभा सीटो के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को हुआ जिसमे लगभग 71 प्रतिशत मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रहलाद बंसल ने सभी जागरूक मतदाताओं से निवेदन किया है लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी एक नैतिक जिम्मेदारी है हम सब लोग मिलकर बिना डर भय के मतदान करे। मतदान से हम सिर्फ सरकार को ही नहीं चुनते, बल्कि अपनी दिशा व दशा तय करते हैं। वोट से आने वाले परिणाम को हम जनादेश यानी जन का आदेश कहते हैं। जो यह तय करता है कि उनका प्रतिनिधित्व कौन करेगा। इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य बढ़ जाता है कि वह मतदान कर अपना प्रतिनिधि चुने। मतदान न कर हम औरों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि को अपना प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी दे देते हैं। इसलिए यह हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि वोट देकर लोकतंत्र की प्रक्रिया का हिस्सा बनें और मतदान के योगदान से क्षेत्र, प्रदेश, और देश के विकास की दिशा तय करें। लोकतंत्र के इस महापर्व विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में आप सभी मतदाता लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। चुनाव कोई भी हो, हर व्यक्ति को समझदारी, इमानदारी व सोच समझकर वोट का इस्तेमाल करना चाहिए। हम वोट के माध्यम से एक बेहतर प्रतिनिधि का चयन कर सकते हैं। एक वोट किसी उम्मीदवार की जीत व हार सुनिश्चित करती है। आपका वोट कीमती है, इसलिए आप सही प्रत्याशी का चयन करें। मतदान करने से आप राज्य में एक बेहतर सरकार ला सकते हैं।

### 432 लीटर हाथ भट्ठी शराब एवं 1600 किलो ग्राम महुआ लाहन पकड़ाया

**रायगढ़, 15 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध भंडारण, विक्रय एवं परिवहन को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कार्तिकिया गोयल के निर्देशन एवं आबकारी आयुक्त श्री रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त-रायगढ़ दक्षिण के आबकारी उप निरीक्षक श्री विकास पाल साण्डे के द्वारा ग्राम-टपरदा, थाना-पुसौर में 13 नवम्बर को 217 लीटर हाथ भट्ठी शराब एवं 800 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त की गई। इसी प्रकार उसी दिन आबकारी वृत्त-रायगढ़ उत्तर के आबकारी उप निरीक्षक श्री हाबिल खलखो द्वारा सुखा नाला, गोवर्धनपुर रायगढ़ में 215 लीटर हाथ भट्ठी शराब एवं 800 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त की गई। इस प्रकार कुल 432 लीटर हाथ भट्ठी शराब एवं 1600 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त की गई है। निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में लगातार सघन गश्त किया जाकर आबकारी अमला द्वारा जांच चौकियों में भी निगरानी रखी जा रही है एवं प्रकरण प्रकाश में आने पर तात्कालिक रूप से कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक श्री कमलेश कुमार दुबे एवं नेलशन लबेट, आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, राजेश्वर ठाकुर, कुलदीप ठाकुर एवं राधेगोविन्द पाण्डे, नगर सैनिक श्री सरोज कंवर, सहयोगी श्री ठण्डाराम यादव व संतोष कुमार यादव शामिल रहे।



# कलेक्टर व एसएसपी के साथ सुरक्षाबलों ने किया शहर में फ्लैग मार्च



**रायगढ़, 15 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के मतदान से पहले 14 नवम्बर को शाम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल एवं एसएसपी श्री सदानंद कुमार ने रायगढ़ मुख्यालय में उपलब्ध अर्धसैनिक बलों तथा स्थानीय पुलिस बल के साथ शहर में फ्लैग मार्च किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहे।

17 नवम्बर को जिले में मतदान होगा। मतदान के पूर्व जन सामान्य को सुरक्षा का बोध कराने का संदेश देने आज जिला मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतदान के 72 घंटे पूर्व फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है, ताकि शहर वासियों में शांतिपूर्ण मतदान हेतु सुरक्षित वातावरण निर्मित किया जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी जनसामान्य को 17 नवम्बर को होने वाले मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। इसके साथ ही निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं शिकायत हेतु जिला प्रशासन द्वारा हेल्प लाईन नंबर 1950 जारी किया गया है। जिसमें निर्वाचन क्षेत्र में अनियमितता पाये जाने पर उक्त नंबर पर शिकायत दर्ज कराने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने कहा कि मतदान से पूर्व फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है, ताकि संवेदनशील क्षेत्रों में फोर्स की मूवमेंट बनी रहे। इसके साथ ही फोर्स को क्षेत्र की समझ हो और आपराधिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। जिससे निर्वाचन दिवस पर अप्रिय घटना होने पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके। आज जिला मुख्यालय में फ्लैग मार्च के अलावा सभी अनुभाग में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार संवेदनशील मतदान केन्द्रों को पूर्व ही चिन्हित कर लिया गया है। साथ ही जिले की सीमाओं पर सघन नाकेबंदी अभियान एवं बाहरी व्यक्तियों के आवाजाही पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। अवैध शराब, अवैध राशि, मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस विशेष अभियान चला रही है किसी भी स्थिति में मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी फैलाने वालों को कठोर कार्यवाही की जाएगी। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में फ्लैग मार्च कार्यक्रम अनुसार आज संध्या कलेक्टर एवं एसएसपी ने सिटी कोतवाली से हण्डी चौक, घड़ी चौक, सत्तीगुड़ी चौक के अलावा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में पैदल घूमते हुए पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकाला। जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने हेतु अर्धसैनिक बलों की विभिन्न कंपनियां आयी हुयी है। जिसमें जिले के स्थानीय पुलिस बल मिलकर अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर रहे है। जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने मतदाताओं से निष्पक्ष, निर्भीक, निडर एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

### सुषमा प्रकाश नायक के नेतृत्व में निकली पदयात्रा



**रायगढ़, 15 नवम्बर।** थकान को मुस्कुराहट ने जैसे लील लिया हो, ललाट पर तिलक, चेहरे पर तेज, जो भी मिल रहा सभी से आशीर्वाद मांगती रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक की पत्नी सुषमा नायक। बीते 15 दिनों से उन्होंने पति के पक्ष में प्रचार का बीड़ा उठाया है। विधानसभा क्षेत्र के सभी गाँव-मुहल्ले की अलग से उन्होंने पदयात्रा की है। उन्होंने अपनी यात्रा को जन आशीर्वाद यात्रा का नाम दिया है। सुबह से देर रात तक पृथक रूप से अथक वह अपने परमेश्वर के लिए आशीर्वाद जुटा रहीं हैं। प्रदेश में एक पत्नी का अपने प्रत्याशी पति के लिए ऐसी जीवटता शायद ही कहीं देखने मिले। मंगलवार की शाम युवा कांग्रेस ने पदयात्रा निकली जिसे उन्होंने ऐतिहासिक करार दिया।

### मतदान में 72 घंटे शेष, कलेक्टर ने सभी एनफोर्समेंट एजेंसी से कहा-लगातार करें निगरानी

**रायगढ़, 15 नवम्बर।** आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां, जिले में पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा सभी रिटर्निंग ऑफिसर, उड़नदस्ता दलों स्थैतिक निगरानी दलों तथा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक लेकर आगामी 72 घंटों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री गोयल द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उड़नदस्ता दल और स्थैतिक निगरानी दल के सदस्य आगामी 72 घंटों में विशेष रूप से सक्रिय रहें तथा सामुदायिक भवन, गेस्ट हाउस एवम धर्मशालाओं में होने वाले आयोजनों पर विशेष नजर रखी जाए और मैरिज हॉल/सामुदायिक भवन इत्यादि में किसी प्रकार के उपहार वितरण या दावत पर कड़ी निगाह रखी जाए। किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल द्वारा इनके माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन नही होना चाहिए। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात दिनांक 15 नवम्बर की शाम 05 बजे से मतदान दिवस तक सभी मदिरा दुकानें/बार बंद रहेंगे। सभा, रैली, रोड शो के माध्यम से मत याचना/प्रचार बंद रहेंगे। अभ्यर्थी आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए भीड़ भाड़ के बिना जनसंपर्क कर सकेंगे।

## एक नजर

### मतदान तिथि 17 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**बलौदाबाजार, 15 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए जारी किए गए द्वितीय चरण के मतदान की तिथि शुक्रवार 17 नवंबर 2023 को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में स्थित सभी शासकीय संस्थानों एवं कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### एपिक कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**बलौदाबाजार, 15 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत



मतदाता अपना एपिक कार्ड (निर्वाचक फ़ोटो पहचान पत्र) के अलावा 12 वैकल्पिक दस्तवेजो को दिखाकर मतदान कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदाताओ का निर्वाचक फ़ोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि यदि कोई निर्वाचक फ़ोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फ़ोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फ़ोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फ़ोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फ़ोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

### दलों को 16 नवम्बर को प्रदान की जाएगी मतदान सामग्री

**बलौदाबाजार, 15 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिले में 16 नवम्बर 2023 को मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदान किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे ने आदेश जारी कर समस्त मतदान कर्मी (पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-01, मतदान अधिकारी क्रमांक-02, मतदान अधिकारी क्रमांक-03 एवं रिजर्व दल) को मतदान सामग्री प्राप्त करने हेतु 16 नवम्बर 2023 को प्रातः 06 बजे जिला मुख्यालय स्थित नया मंडी परिसर में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी एवं धारा 28 एवं लोक प्रतिनिधि अधिनियम 1951 एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### 15 नवंबर की शाम अधिकारी कर्मचारी के लिए तीन स्थानो में रहने की व्यवस्था

**बलौदाबाजार, 15 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चुनाव ड्यूटी में शामिल होने वाले दूर दराज से पहुंचने वाले अधिकारी कर्मचारियों के लिए 15 नवम्बर को रात्रि विश्राम की व्यवस्था जिला प्रशासन की और से की गई है। जिसके तहत तीन स्थान में 200 लोगो की विश्राम करवाने के लिए निर्धारित किए गए है। जिसमें शासकीय प्री मैट्रिक अनु.जाति बालक छात्रावास वेयर हाउस गोदाम के समाने बलौदाबाजार, प्रभारी कर्मचारी साखी गोपाल यदु मोबाइल नंबर 78800-36124 शासकीय प्री मैट्रिक अनु जनजाति बालक छात्रावास डीके कॉलेज रोड, जय सिंह ध्रुव 88717-24477 जिला पंचायत संसाधन केंद्र पहांदा नितेश माकड़े मोबाईल नंबर 96916-21661, राजू 83053-62849 को बनाया गया है। किसी भी कर्मचारी को समस्या होने पर उक्त नंबरों से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# मरदा के गौठान में गायों की मौत

## जिम्मेदारों की लापरवाही से हो रही है बेजुबानों की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 15 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में, विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जाती है और इन योजनाओं के क्रियान्वन के लिए लाखों- करोड़ों रूपये खर्च भी किया जा रहा है। लेकिन जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह योजना लागू किया जा रहा है, उस उद्देश्य की पूर्ति वास्तविक तौर पर नहीं हो पा रहा है। कागजों में ही अधिकांश योजनाओं को संचालित किया जा रहा है।

विभागीय अधिकारियों और प्रशासनिक कर्मचारियों की निष्क्रियता के चलते कागजों में ही योजनाएं संचालित होती दिख रही है, धरातल पर देखने के लिए कुछ नहीं है।

राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी की अधिकांश योजनाओं का बुरा हाल है। बलौदाबाजार जिले के अधिकांश ग्राम पंचायतों में बने गौठानों का हाल भी बेहाल नजर आ रहा है।

मामला है जिला बलौदाबाजार के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत मरदा की। यहाँ के गौठान में प्रशासनिक अनदेखी की वजह से बेसहारा मवेशियों की असमय मौतें हो रही है। गौठानों में बंधे बेसहारा पशु, चारा और पानी के अभाव में दम तोड़ते नजर आ रहे है।



14 नवम्बर मंगलवार को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार गोवर्धन पूजा को बड़े ही धूम धाम से मनाया जाता है, इस दिन गौ माता को घर में बने पकवानों की खिचड़ी खिलाई जाती है। एक तरफ छत्तीसगढ़ में गोवर्धन पूजा को धूमधाम से मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत मरदा के गौठान में बेसहारा मवेशियों की चारा और पानी की अभाव में असमय मौत हो रही है। ऐसा नहीं है कि इसके संबंध में जिम्मेदारों को जानकारी नहीं है। जिम्मेदारों को जानकारी होने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसकी वजह से मवेशियों की मौत हो रही है।

मरदा गांव के गौठान में मवेशियों की मरने की जानकारी मिलते ही इस दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता नें मामले की जानकारी लेने जब ग्राम में पहुंचा तो देखा कि दो मवेशियों की मौत जमीन में तथा अन्य दो मवेशियों की मौत पानी में डूब जाने की वजह से हो गई है। वहीं, एक मवेशी का क्षत-विक्षत अवशेष बिखरा पड़ा हुआ दिखाई दे रहा था। इसके साथ ही साथ जो अन्य मवेशी जीवित है, उनके पेट में भी दाना नहीं दिख रहा है। भूख - प्यास से मरे मवेशियो को चील कौंवे नोच-नोच कर खा रहे थे। यहां के गौठान में एक डबरी बना हुआ है, जिसमें पानी तो भरा हुआ है। लेकिन चारे की व्यवस्था यहां नहीं की गई थी। चारा के अभाव में मवेशी सड़े हुए पैरा को खाकर पानी पीने के लिए डबरी में पहुंच रहे है। जिससे उनकी मौत हो रही है।

चरवाहा जीवन लाल जांगड़े ने बतलाया कि 5 मवेशियों की चारा और पानी के अभाव में और कुछ की पुराना सड़ा हुआ पैरा खाने से मौत हो गई है। इससे पहले लगभग 25 मवेशियों की मौत हो चुकी है। इसके संबंध में गौठान समिति के अध्यक्ष, सरपंच एवं सचिव को जानकारी दिया गया है। फिर भी यह समस्या बनी हुई है।

# विश्व मधुमेह दिवस पर क्षेत्र के लोगों को मधुमेह के प्रति किया जागरूक

**रायपुर, 15 नवम्बर।** पूरे विश्व मे चौदह नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस का आयोजन किया जाता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा घोषित इस दिन विश्व भर में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम होते हैं. डाक्टरस आन स्ट्रीट के संयोजन में एक निजी चिकित्सालय में बाल्य मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सत्यजीत साहू ने बताया कि दोस्त डाक्टर और डायबिटीज़ क्लिनिक के द्वारा कम्युनिटिक डायबिटीज़ प्रिवेंशन अभियान पिछले साल भर से चल रहा है. इस अभियान में मधुमेह रोकथाम और समुचित ईलाज के बारे में समाज में जागरूकता फैलाने का काम लगातार चल रहा है।

डॉ साहू ने मधुमेह के लक्षण में प्रमुख रूप से ज़्यादा प्यास लगना, सामान्य से ज़्यादा पेशाब होना, विशेषकर रात में, थकान महसूस होना, बिना किसी कोशिश के वज़न कम होना, मुंह में अक्सर छाले होना, आंखों की रोशनी कम होना, घाव भरने में समय लगना को बताया. उन्होंने बताया कि टाइप 1 डायबिटीज़ के लक्षण



काफ़ी कम उम्र में ही दिखना शुरू हो जाते हैं। टाईप 1 डायबिटीज़ की दोस्त डाक्टरों की कंम्युनिटी ब्रांड एंबेसेडर मिस पुजा सोनी ने डायबिटीज़ कंट्रोल के लिये उपाय बताये।

खाने पीने में संयम, नियमित व्यायाम, योग, नियमित इंसुलिन और उसकी सही मात्रा से टाइप 1 डायबिटीज़ मरीज़ अपनी बीमारी को सही नियंत्रण में रख सकते हैं. मिस पुजा ने कहा कि शरीर में ब्लड शुगर लेवल ज़्यादा होने से तो ख़ून की नसों को नुक़सान पहुंच सकता है जिससे पावों की सुरक्षात्मक संवेदना कम हो जाती है। और साथ-साथ पैरों में इन्फेक्शन हो सकता है। दोस्त डाक्टर के संयोजक सुनील शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अंधेपन, किडनी फेल होने, हार्ट अटैक, हार्ट स्ट्रोक और पैरों के काम नहीं करने की सबसे बड़ी वजह डायबिटीज़ है। इस कार्यक्रम मे टाईप 1 डायबिटीज़ जागरूकता अभियान के मानिटर के रूप में मिस खेमप्रभा पारकर को चयनित किया गया है। जागरूकता अभियान के सदस्य तारीख़ खान, शिखा सोनी, टिकेन्द्र साहु, सिस्टर रमा, सिस्टर लक्ष्मी, डॉ तिवारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी का अनोखे तरीके से कालोनीवासियों ने किया विरोध

**कोरबा, 15 नवम्बर।** कटघोरा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पुरुषोत्तम कवंर की एक बार फिर बड़ी मुसीबत कटघोरा के जनता ने घरों के बाहर बोर्ड लगाकर कांग्रेस प्रत्याशी को किया बाय काट, 5 साल तक भ्रष्टाचार में डूबी सरकार और कांग्रेस के अदूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखा जा रहा है, आज कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में ऊर्जा नगर कॉलोनी में पुरुषोत्तम कंवर के प्रचार-प्रसार को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं कॉलोनी में भ्रमण कर रहे थे, इस दौरान एक मतदाता व उनके परिवार ने बोर्ड लगाकर कांग्रेस प्रत्याशी पुरुषोत्तम कंवर का बायकाट करते दिख। वहीं प्रत्याशी पुरुषोत्तम के विरोध में अन्य कॉलोनी वासी भी समर्थन में दिखाई दिए भ्रष्टाचार की इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कॉलोनी वासी दृढ़ संकल्प हो गए हैं, धूल डस्ट और प्रदूषण से इतनी ज्यादा प्रभावित हैं कि किसी भी सूरत में पंजा छाप को वोट नहीं देने का संकल्प लिए हैं, कटघोरा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कंवर का अनोखे तरीके से विरोध प्रकट हो रहा है, क्षेत्रवासी ने कहा सड़क, बिजली, पानी म, प्रदूषण, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नई सोच और उमंग के साथ लोग वोट देने का संकल्प लिए हुए हैं।

# मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की तैयारी की कलेक्टर ने की समीक्षा

## चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए 650 से अधिक कर्मचारी रहेंगे तैनात, बनाए गए है 90 काउंटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्य को अंतिम रूप दिया गया है। उन्होने सभी अधिकारियों को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी में किसी भी दल को समान प्राप्त करने एवं जमा करने में कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान रखें।निर्धारित समय अनरूप सभी कार्य



पूर्ण होना चाहिए. उन्होने मंडी परिसर में पार्किंग से लेकर मूलभूत सुविधाओं को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। जिले से संबधित चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए 668 कर्मचारी वितरण में तैनात रहेंगे जिसमें विधानसभा बिलाईगढ़ क्रमांक 43 में 78, कसडोल 44 में 240, बलौदाबाजार 45 एवं भाटापारा 46 में 150 -150 कर्मचारी शामिल है। इसी तरह चारो विधानसभा क्षेत्र के लिए वितरण हेतु 90 काउंटर बनाए गए है। जिसमें विधानसभा बिलाईगढ़ क्रमांक 43 के लिए 10 कसडोल 44 के लिए 35 बलौदाबाजार 45 के लिए 20 एवं भाटापारा 46 के लिए 25 काउंटर शामिल है। बैठक में सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहें। इस दौरान अपर कलेक्टर बीसी एक्का, अनुपम तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी रिटर्निंग अधिकारी सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### पोलिंग बूथ में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प सहित सुरक्षा व्यवस्थाए वेब कास्टिंग की ली जानकारी

**कोरबा, 15 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एसण् गंगवारए विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल शर्माए विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहब कंगाले आज कोरबा दौरे पर पहुंचीं। मुड़ापार हैलीपेड पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने उनका स्वागत किया। विशेष प्रेक्षकों द्वारा जिले के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। विशेष प्रेक्षकों व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मिनीमाता कॉलेज के मतदान केंद्र में मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने पोलिंग बूथ पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प की व्यवस्थाए वोटिंग दिवस पर मतदाताओं के पोलिंग बूथ पर प्रवेश के साथ ही बाहर निकलने की व्यवस्थाए सुरक्षा व्यवस्थाए वेब कास्टिंगए पेयजल व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य गतिविधियों की जानकारी ली।

### मानिकपुर क्षेत्र में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**कोरबा, 15 नवम्बर।** कोरबा जिले के मानिकपुर क्षेत्र में पुलिस ने विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को दूसरे चरण के लिए होने वाले मतदान से पहले शहर की शांति कायम रखने पुलिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव को प्रभावित करने वालों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जा रही है। मानिकपुर पुलिस ने अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल लोगों से लालच में आए बिना भयमुक्त होकर वोट डालने अपील की। विधानसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर कोरबा जिला पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। चुनाव के दौरान किसी तरह का व्यवधान निर्मित न हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और मतदाताओं से निर्भिक होकर वोट डालने अपील की जा रही है। अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के साथ पुलिस की टीम ने मानिकपुर मुख्य मार्ग, डिपरापारा, कदमहाखार सहित पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्र में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। पुलिस ने बताया, कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके द्वारा लगातार क्षेत्र की निगरानी की जा रही हैं।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 48 लाख की ठगी करने वाले सहायक शिक्षक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा, 15 नवम्बर।** कोरबा जिले के बालको क्षेत्र पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 48 लाख रूपये के ठगी करने के मामले में एक सहायक शिक्षक को गिरफ्तार किया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कथित आरोपी वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला जूनापारा, बेलढाप (उदयपुर) जिला सरगुजा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है, जिसके द्वारा अपने साथियों के साथ प्रार्थी से वर्ष 2020 में कोरबा तहसील में क्लर्क के पद में नौकरी लगाने का झांसा देकर प्रार्थी से 7.5 लाख रूपए लेकर ठगी कर फ़रार हो गए, लंबे समय तक नौकरी नहीं लगने से प्रार्थी ने इस मामले की शिकायत पुलिस में की, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देशानुसार बालको थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे के निर्देश पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए कथित आरोपी के विरुद्ध धारा 420, 34 भादवि के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया। इस मामले में कथित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर ले लिया गया है वहीं उसके अन्य साथी अभी भी फ़रार बताये जा रहे हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक लक्ष्मण खूंटे, प्रधान आरक्षक राजनारायण सिंह, आरक्षक कृष्णा मरावी, आरक्षक शिव पैकरा, आरक्षक हरीश मरावी, आरक्षक शत्रुघन बंजारे, आरक्षक अनिल साहू, आरक्षक सुजीत कुरी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान कराने के साथ प्रशासन और पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश

**कोरबा, 15 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक श्री धर्मेन्द्र एसण् गंगवारए विशेष पुलिस प्रेक्षक श्री अनिल शर्माए विशेष व्यय प्रेक्षक श्री राजेश टुटेजा व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने जिला पंचायत सभा कक्ष में बैठक लेकर कोरबा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत तैयारियों की समीक्षा की। विशेष प्रेक्षकों ने कोरबा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रियतु मण्डलए श्री सीण् केण् जमातियाए श्री सीण् वेंकटा सुब्बा रेड्डी और व्यय प्रेक्षक ओण् एनण् हरिप्रसाद राव की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमारए पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्लाए स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप और निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईए उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे से कोरबा जिले में निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। विशेष प्रेक्षकों ने मतदान केंद्रों में सभी निश्चित सुविधाएं उपलब्ध करानेए एक से अधिक मतदान केंद्रों में विशेष ध्यान देनेए निर्वाचन के दौरान प्रशासन एवं पुलिस को सतर्क रहनेए ऐसे मतदान केंद्र जहां पूर्व में कम मतदान हुए हैं वहां स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षकों ने पुलिस और आबकारी विभाग के साथ फ्लाइंग स्कॉडए स्थैतिक निगरानी दल के माध्यम से जांच अभियान तेज करते हुए अवैध रूप से सामग्री परिवहनए शराब परिवहन आदि पर जब्ती की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशानुसार निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान कराते हुए निर्वाचन के कार्यों को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

**ग्रामीणों ने हर्षोल्लास से की गोवर्धन पूजा, श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार कोड़े खाए**

# कई मोहल्लों से पूजा कर निकाली गौरी-गौरा की शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 नवम्बर।** गोवर्धन पूजा के दिन छत्तीसगढ़ के पर्व-त्यौहारों की परंपरा में गौरी-गौरा पूजन का विशेष महत्व है। शहर के दुर्गा मंदिर चौक, पहंदा रोड, लोहियानगर, ठाकुरदेव चौक, पुरानी बस्ती, संजय कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी सहित अंचल में भी धूमधाम से अधिकतर पुराने इलाकों में प्रायः हर मोहल्ले में गौरी-गौरा चौक बने है, जहां दीपावली की आधी रात को गौरी-गौरा की प्रतिमा स्थापित करके पूजा की जाती है। आधी रात को अनेक मोहल्लों में इस परंपरा का पालन किया गया।



वर्षो से चली आ रही चूलमाटी की परंपरा के संबंध में नगर के दुर्गा मंदिर निवासी संतोष सिंह ठाकुर, रमेश वर्मा, इंदू पंजवानी बताते हैं कि गौरी-गौरा की प्रतिमा का निर्माण लक्ष्मी पूजन वाले दिन तालाब से मिट्टी लाकर की जाती है, जिसे चूलमाटी के नाम से जाना जाता है। विधिवत प्रतिमाओं की स्थापना करके शिव-पार्वती का ब्याह कराने की परंपरा निभाई जाती है।

रातभर भजन-कीर्तन व गीत गाकर आनंदित होकर विधिवत पूजापाठ कर अगले दिन गोवर्धन पूजा के बाद गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को नदी-तालाबों में विसर्जित किया जाता है। वैसे तो तालाब की चूलमाटी से प्रतिमा बनाने की परंपरा है लेकिन पिछले कुछ समय से दीपावली पूर्व ही कुछ कलाकार गौरी-गौरा की प्रतिमाएं बनाना शुरू कर देते हैं और उन प्रतिमाओं को लाकर फिर उसमें थोड़ी सी चूलमाटी की मिट्टी मिला दी जाती है।

गौरी-गौरा का स्वागत करके दीपावली की रात को प्रतिष्ठापित किया जाता है। पूरी रात भक्तिभाव से पूजन करने के बाद अगले दिन मांदर व ढोल, गाड़ा बाजा बजाते हुए और जसगीत गाते हुए प्रतिमा को नदी अथवा तालाब में विसर्जित किया जाता है। कार्यक्रम में संतोष ठाकुर, कमलेश साहू, रमेश वर्मा, राजेश निषाद, पप्पू फेकर, संजय साहू, कमलेश यादव, मनोज बांके ठाकुर, उमाशंकर निर्मलकर, विक्रांत चंद्राकर, शिवनारायण रजक, राजकुमार रजक, कुनाल यादव, मुन्नी यादव, नानू यादव, राजू निषाद, राजा सेन सहित महिलाओं ने भी उक्त पारम्परिक कार्यक्रम में शामिल होकर अपना योगदान दिया।

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202310094500026**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024
मेढ़ा प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- प्यारेलाल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक प्यारेलाल पिता देवार जाति कलार, निवासी ग्राम मेढ़ा, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के नाम से ग्राम मेढ़ा, तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 346/3 का रकबा 0.158 हे. ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 गुम हो गया है. जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नही हुआ। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 15/11/2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार, लाल बहादुर नगर**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202310094500056**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024
मक्काटोला प.ह.न. 00015 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अजय जो जो,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अजय जो जो पिता एलोइस जो जो, जाति मुंडा, निवासी बधियाटोला, तहसील डोगरगढ़ कृषक ग्राम मक्काटोला, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के नाम से ग्राम मक्काटोला, तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 80/5 रकबा 0.340 हे. भूमि की ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 गुम हो गया है, जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोजबीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नहीं हुआ। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 16.11.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार, लाल बहादुर नगर**

## एक नजर

### युवक पर प्राणघातक हमला

**रायपुर, 15 नवंबर।** ग्राम बेलदार सिवनी में डंडा से हमला कर युवक पर प्राणघातक हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जामिन यादव 45 वर्ष ग्राम बेलदार का रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी सालिकराम वर्मा व नैना वर्मा ने प्रार्थिया के लड़के बाली यादव से गाली-गलौज कर हत्या करने के नियत से डंडा से सिर पर वार कर प्राणघातक चोट पहुंचाया।

### युवक से लूट

**रायपुर, 15 नवंबर।** बस स्टेण्ड गेट नंबर 3 भाठागांव में दो लोगों ने एक युवक को डरा धमका कर नकदी 1800 रूपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नामदेव भारती 38 वर्ष काशीराम नगर तेलीबांाा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी भाठागांव बस स्टेण्ड के गेट नंबर 3 के पास ऑटो का इंतजार करते हुए खड़ा था, तभी आरोपी राघव चौधरी व प्रथम पटले प्रार्थी के पास आया और नुकीली चीज से टिकाकर प्रार्थी को डरा धमका कर नकदी 1800 रुपए लूट लिए।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 15 नवंबर।** हेमू कालाणी गार्डन के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी इंद्रजीत बंजारे 28 वर्ष हेमु कल्याणी गार्डन के सामने रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीपी 2162 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### तीन जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 15 नवंबर।** कोतवाली पुलिस ने कालीबाड़ी के पास जुआ खेलते तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 20450 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि कालीबाड़ी के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अवधेश सोनी 32 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 20450 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# अंतिम चरण के लिए खंदक की लड़ाई शुरू

**» 70 विस क्षेत्रों में आज शाम थम जाएगा चुनावी शोर » मतदान दलों को 16 नवम्बर को किया जाएगा रवाना**

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 15 नवम्बर।** विधानसभा चुनाव के लिए 70 सीटों पर आज शाम 5 बजे चुनावी शोरगुल थम जाएगा। प्रचार के अंतिम चरण में आज भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने 15 से अधिक सभाएं लेकर मतदाताओं व कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

भाजपा के अमित शाह, जेपी नड्डा, हिमंता बिस्वा सरमा, अनुराग ठाकुर, मनसुख मांडविया, रमन सिंह तथा रामेश्वर तेली ने अलग-अलग जिलों में जाकर चुनावी सभाएं ली है। सांसद राहुल गांधी बेमेतरा तथा भूपेश बघेल ने आज दुर्ग तथा भिलाई में रोड शो किया। शाम 5 बजे चुनावी शोरगुल थम जाने के कारण नेताओं के लिए एक-एक मिनट था इसलिए अलग-अलग स्थानों पर रैलियां, सभा एवं रोड शो का आयोजन किया गया।

**20 विधानसभा क्षेत्रों में लगेंगे दो ईवीएम:** मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय के अनुसार रायपुर पश्चिम, दुर्ग, बिल्हा, भाटापारा, रायपुर दक्षिण, बेलतरा, महासमुंद, जांजगीर, कसडोल, रायगढ़, कोरबा, धरसींवा, बेमेतरा, भटगांव, लोरमी, सीतापुर, पाटन, वैशाली नगर में 16 से अधिक प्रत्याशी होने के कारण दो ईवीएम लगेंगे।

### 90 निर्वाचन अधिकारी तथा 208 एआरओ बनाए गए

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के डिप्टी सीईओ रूपेश वर्मा ने बताया कि द्वितीय चरण के लिए 70 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा जिसमें 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार मतदाता, 18 हजार 833 मतदान केंद्रों में मतदान करेंगे। निर्वाचन कराने के लिए 90 निर्वाचन अधिकारी तथा 208 एआरओ बनाए गए हैं। इसमें कुल 80 हजार के आसपास कर्मचारियों को मतदान के लिए तैनात किया गया जाएगा। अलग-अलग जिलों में 16 नवम्बर को प्रातः स्ट्रांग रूम से ईवीएम, वीवीपैट, मतदाता सूची सहित अन्य आवश्यक सामग्री लेकर मतदान दल रवाना होंगे। 70 विधानसभा क्षेत्रों में कोई भी विधानसभा में नक्सल प्रभावित क्षेत्र नहीं है। इसलिए हेलीकाप्टर की आवश्यकता नहीं है।

### आज शाम 5 बजे से बंद होंगी देशी-विदेशी शराब दुकानें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण 17 नवंबर को सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। चुनाव के मद्देनजर तथा सुरक्षा व शांति बनाए रखने आज शाम 5 बजे से समस्त देशी-विदेशी शराब दुकानें और बीयर बार आदि बंद हो जाएंगे। प्रदेश में होने वाले मतदान को देखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टरों ने निर्देश जारी करते हुए आज शाम से शराब दुकानों को बंद करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी होटल, क्लब और बार को भी शराब परोसने की अनुमति नहीं रहेगी। विधानसभा चुनाव को देखते हुए शराब दुकानों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

# विप्र महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक



**रायपुर, 15 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से संलग्न क्षेत्रों में रैली निकालकर नागरिकों से मतदान की अपील की। विद्यार्थियों ने गली-गली घूम कर नागरिकों से अपील किया कि सोच समझकर मतदान करें, किसी के बहकावे में ना आए, किसी के लालच में ना आए। प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी द्वारा रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से करने के उपरांत विद्यार्थियों का नारा जन-जन करें मतदान, भारत देश बनेगा महान, लोकतंत्र की यही पहचान, जागरूक नागरिक करें मतदान लगातार गुंजता रहा।आसपास के नागरिकों ने विद्यार्थियों के रैली की सहाराना की और साथ ही मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी रैली में शामिल थे।

### प्रेमिका के भाई को उतारा मौत के घाट, पिता व 2 पुत्र गिरफ्तार

**रायपुर, 15 नवम्बर।** प्रार्थी अजय यदु ने थाना कबीर नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह साहू पारा साहू भवन के पास हीरापुर में रहता है। 11 नवम्बर की रात्रि करीबन 10.00 बजे प्रार्थी का छोटा भाई शिवा यदु, मां उषा यदु व बहन खुशी यदु घर के बाहर दीपावली होने से दीपक जला रहे थे कि नशे में राहुल यादव आकर मां बहन की अश्लील गाली गलौज घर के सामने कर रहा था छोटे भाई शिवा यदु के द्वारा गाली गलौज करने से मना करने पर न मानकर धक्का मुक्की करते हुए राहुल यादव ने अपने पिता गज्जू यादव और भाई को फोन करके बुलाया तथा तीनों मिलकर प्रार्थी के भाई एवं मां के साथ मारपीट करने लगे तथा अपने पास रखे किसी धारदार हथियार से प्रार्थी के भाई शिवा यदु के दाहिने हाथों पर वार किया जिससे शिवा यदु के दाहिने हाथ पर चोट पहुंचा कर भाग गये की प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 222/2023 धारा 294, 324, 506, 34 भादवी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था, आरोपियों द्वारा मुतजर्रर शिवा यदु को मारकर चोट पहुंचाने से शिवा यदु को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान की मृत्यु हो गई जिस पर प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध धारा 302 भादवि. जोड़ी गई है।

# आज व कल 'बंटने' की रात

## कंबल, साड़ी, चेपटी, नकद निचली बस्तियों में पहुंच रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 15 नवम्बर।** विधानसभा चुनाव के मतदान के ठीक पहले आज व कल बंटने रात है। राजधानी के कई निचली एवं गरीब बस्तियों में आज और कल रात लिफाफा, चेपटी, साड़ी तथा कंबल बांटने के इंतजाम किए गए हैं। सभा व रैली में जाने वालों को भी नकद दिया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी में चार विधानसभा क्षेत्र दक्षिण, पश्चिम, उत्तर तथा ग्रामीण आते हैं। यहां पर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रतिद्वंद्वी को चुनाव हराने में माहिर हैं। इसके लिए वे पहले से ही तैयारी कर चुके हैं। हर वार्ड में सीनियर सिटीजन का सम्मान कर चुके हैं। वे अनेक वार्डों में घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। उत्कल समाज की बस्तियों पर उनकी विशेष नजर है। टिकरापारा, नेहरूनगर तथा अन्य निचली बस्तियों में उनके कार्यकर्ता सक्रिय हैं। कांग्रेस की ओर से महंत रामसुंदरदास प्रत्याशी हैं। उनके समर्थक महापौर एजाज ढेबर मोर्चा संभाले हुए हैं। उनकी भी नेहरूनगर, बैजनाथपारा तथा नयापारा में अच्छी पकड़ है। इस समय पश्चिम में भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत और कांग्रेस के विकास उपाध्याय के बीच कड़ा मुकाबला है। राजेश मूणत रामनगर, गोंदवारा, सरोना तथा रामकुंड में विशेष नजर रखे हुए हैं। विकास उपाध्यक्ष के भी कार्यकर्ता इस समय निचली बस्तियों में सक्रिय है। उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी के बीच एक निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर लगा रहा है। जिससे यहां का चुनाव रोमांचक हो गया है। रायपुर ग्रामीण में भाजपा के मोतीलाल साहू तथा कांग्रेस के पंकज शर्मा के बीच मुकाबला है। पंकज शर्मा इस समय मोवा, सड्डू, सोनडोंगरी, रांवाभाठा, में काफी सक्रिय हैं। प्रियंका गांधी के रोड शो के बाद कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। भाजपा एवं कांग्रेस नेता चुनाव प्रचार करने के बाद घर-घर संपर्क करेंगे।




### चाकू लहराते तीन पकड़ाए

**रायपुर, 15 नवंबर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने चाकू लहराते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने सीतलापारा रामनगर में चाकू लहराते हुए आरोपी गोविंद सिन्हा 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। इसी तरह कबीरनगर पुलिस ने वाल्मिकीनगर में चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी सूरज वासुदेव 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से भी चाकू जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम केसला में आतंक फैलाते हहुए आरोपी ओमप्रकाश सेन 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से भी चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।













कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23